

सोना-67,505
चांदी- 77,300
तिथि-फाल्गुन, शुक्ल, नवमी
शेयर मार्केट- 72,643
निफ्टी- 22,023
अधिकतम -32 °c
न्यूनतम -15 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com वर्ष - 20 अंक-117 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 लखनऊ, सोमवार 18 मार्च, 2024 पृष्ठ-8 मूल्य : दो रुपये

सीएम योगी ने हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। सीएम योगी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनकी स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन किया।

इस दौरान उनके साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भी मौजूद रहे। सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया

मुख्यमंत्री ने गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को भी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

प्लेटफॉर्म एक्स पर भी एक पोस्ट डाल कर उन्हें याद किया है। इसमें सीएम ने लिखा, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनकी स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन! हेमवती नंदन बहुगुणा (25 अप्रैल 1919-17 मार्च 1989) एक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री थे। देश को स्वतंत्र कराने के लिए संघर्ष से लेकर नवराष्ट्र निर्माण में पूर्ण मनोयोग से जुटे रहे हेमवती नंदन बहुगुणा करीब पांच दशकों तक सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे।1973 में, उन्हें भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया।

हालाँकि, उनका कार्यकाल छोटा था और उन्हें 1975 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। इसके अलावा योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को भी श्रद्धांजलि दी। योगी ने एक्स पर लिखा कि (शेष पृष्ठ 7 पर)

टावरों पर चढ़े लोगों से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-प्लीज कम डाउन

आंध्र प्रदेश के पालनाडु में प्रजागलम सभा में शामिल हुये मोदी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

पलनाडु (आंध्र प्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार शाम आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले में एक भव्य रैली 'प्रजागलम' (जनता की आवाज) में उस वक्त संबोधन को रोकना पड़ा, जब कुछ लोगों को पीएम मोदी ने बिजली के टावरों पर चढ़ते हुए देखा। उन्होंने रैली को संबोधित कर रहे जन सेना पार्टी प्रमुख और अभिनेता पवन कल्याण से बीच में ही भाषण रोकने को कहा। इसके बाद उन्होंने बिजली के टावरों पर चढ़े लोगों से नीचे उतरने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों के समूह से आग्रह करते हुए कहा कि उनकी जिंदगी बहुत कीमती है, इसलिए नीचे आ जाएं, क्योंकि वहां बिजली के तारों का जोखिम हो सकता है। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने इस घटना का वीडियो 'एक्स' पर शेयर करते हुए पीएम मोदी को फादर फिगर (पिता तुल्य) बताया। पीएम मोदी ने सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों से कहा कि वे बिजली के टॉवरों पर चढ़े लोगों को नीचे उतारें।

पीएम मोदी ने उन लोगों को संबोधित करते हुए कहा, बिजली के तार हैं, आप क्या कर रहे हैं वहां, प्लीज कम डाउन। आपकी जिंदगी हमारे लिए बहुत कीमती है, प्लीज नीचे आइये आप। मोदी ने आगे कहा, मीडियावालों ने आपकी फोटो ले ली है, आप नीचे आइये। इस बीच चंद्रबाबू नायडू भी लोगों को नीचे उतरने का इशारा कर रहे

थे। एक-दो लोग नीचे उतरने के मूड में नहीं दिखे तो पीएम मोदी ने फिर कहा, आप नीचे आइये मेहरबान। पीएम मोदी ने कहा, यहां जो पुलिस के लोग होंगे, इन सभी टावर पर जरा केयर करें, इसमें बिजली के तार हैं, अगर कुछ गलत हो गया तो हमारे लिए बहुत पीड़ादायक होगा। इसके बाद पीएम मोदी अपनी सीट पर बैठ गए और जन सेना प्रमुख ने अपना भाषण पूरा किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने पालनाडु जिले में पहली बार टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के साथ एनडीए रैली प्रजागलम में हिस्सा लिया था। प्रजागलम, जिसका अनुवाद जनता की आवाज है, पिछले दस वर्षों में आंध्र में एनडीए सहयोगियों की पहली संयुक्त सार्वजनिक बैठक है। बीजेपी ने आगामी लोकसभा और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और जन सेना पार्टी (जेएसपी) के साथ गठबंधन किया है। जन सेना आंध्र प्रदेश में भाजपा और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के साथ गठबंधन में आम चुनाव लड़ रही है। सीट-बंटवारे के समझौते के अनुसार, भाजपा छह लोकसभा सीटों और 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि टीडीपी 17 सीटों और 144 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जनसेना दो लोकसभा और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को देशभर में आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। चुनाव (शेष पृष्ठ 7 पर)

10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं : मोदी

हैदराबाद, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के पालनाडु में एक सार्वजनिक सभा में शामिल हुए। इस दौरान टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण भी वहां मौजूद थे। सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कल ही देश में चुनाव का बिगुल बजा है और आज मैं आप सबके बीच हूं। यहां मुझे ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों का आशीर्वाद मिल रहा है। त्रिदेवों के इस आशीर्वाद से हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश और भी बड़े निर्णय लेगा। ये संयोग है कि इस बार चुनावों के परिणाम 4 जून को आने वाले हैं। पूरा देश कह रहा है, 4 जून को 400 पार। पीएम मोदी ने आगे कहा, हमारा NDA गठबंधन क्षेत्रीय आकांक्षाएं और राष्ट्रीय प्रगति दोनों को साथ लेकर चलता है। इस चुनाव में भाजपा के सहयोगी हमारे साथी लगातार बढ़ रहे हैं। NDA की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण दोनों लंबे समय से आप लोगों के हक के लिए आंध्र के विकास के लिए दिन रात आपके लिए काम करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा, %हमारी सरकार के पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। आंध्र प्रदेश में, एनडीए सरकार ने पीएम आवास योजना के तहत लगभग (शेष पृष्ठ 7 पर)

- **पालनाडु में मोदी का जोरदार स्वागत, प्रधानमंत्री ने गिनाई एनडीए सरकार की उपलब्धियां**

संक्षिप्त समाचार

सीएए का उद्देश्य प्रताड़ितों को राहत देना

हैदराबाद, एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि सीएए का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोसी देशों में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। कान्हा शांति वनम में वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि सीएए के संबंध में, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग ऐतिहासिक संदर्भ और पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर सीएए के कारण पड़ने वाले सुखद प्रभाव को पहचानने में विफल रहे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों को स्थापित करता है। सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, अन्यायपूर्ण और असमान विकास, धर्म या विश्वास के आधार पर दमन, असहिष्णुता, भेदभाव और हिंसा बढ़ने से विश्व परिदृश्य चिंताजनक है। इस स्थिति में हमारा भारत जो मानवता के छठे हिस्से का ठिकाना है, आशा की एक किरण है। हमारी सभ्यता के लोकाचार के केंद्र में सर्व धर्म समभाव का सिद्धांत है।

चुनावी बॉन्ड न हो तो काला धन आयेगा

नागपुर, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि चुनावी बॉन्ड न हो तो चुनाव में कालाधन आएगा. इस पर चर्चा होनी चाहिए कि चुनावी बॉन्ड से बेहतर क्या है। उन्होंने कहा कि यदि आप बॉन्ड को स्वीकृति नहीं देंगे तो लोग नंबर दो में पैसे लेंगे। गडकरी ने कहा, चुनाव में पैसा लगता है, सभी पार्टियों का लगता है और आप यदि इकोनॉमी को अच्छा करेंगे, नंबर एक पर ले जाएंगे तो बॉन्ड के रूप में नंबर एक में पॉलिटिकल पार्टी को फाइनेंस होता है, इसी भावना के साथ योजना बनी थी। तब अरुण जेटली जी वित्त मंत्री थे। इसमें गलत क्या था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर वह कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। गडकरी (शेष पृष्ठ 7 पर)

सबसे ज्यादा चंदा लेने वाली पार्टियों ने नहीं बताये नाम

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। जिन पार्टियों को सबसे ज्यादा चुनावी बॉन्ड के जरिए चुनावी चंदा मिला है, वो इससे जुड़ी सूचना को सार्वजनिक करने को लेकर उतनी ही ज्यादा आनाकानी कर रही हैं। चुनाव आयोग ने रविवार (17 मार्च, 2024) को चुनावी बॉन्ड और इस बारे में सभी राजनीतिकों से जुड़े पत्र-व्यवहार का ब्यौरा सार्वजनिक किया है जिससे यह साफ होता है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दल जैसे द्रमुक, अन्नाद्रमुक, एनसीपी, जनता दल (एस) जैसी गिनी चुनी पार्टियों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश दलों ने यह नहीं बताया है कि उन्हें किस कंपनी या व्यक्ति से चुनावी चंदा मिले हैं।

भाजपा, टीएमसी, कांग्रेस, आप ने यह तो बताया है कि उन्हें कब और कितनी राशि के बॉन्ड्स मिले हैं लेकिन इसे किस कंपनी ने दिया है, इससे जुड़ी सूचना उन्होंने नहीं बताई है। इस बारे में टीएमसी व कांग्रेस ने एसबीआई पर दारोमदार डाल दिया है कि वह उससे मिले बॉन्ड्स की पूरी जानकारी चुनाव आयोग को उपलब्ध करा सकता है, जबकि भाजपा ने इसका ब्यौरा देने से इनकार करते हुए तर्क पेश किया है कि

उसे लोक प्रतिनिधि कानून, 1951 और आयकर अधिनियम, 1960 के तहत जो भी चुनावी चंदा मिला है, उसे सार्वजनिक नहीं करने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर चुनाव आयोग ने पूर्व में चुनावी बॉन्ड से मिली सारी जानकारी बंद लिफाफे में कोर्ट को दे दिया था। ये बंद लिफाफे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राजनीतिक दलों ने आयोग को दिया था। बाद में कोर्ट ने इसे चुनाव आयोग को लौटा दिया था और जिसे 17 मार्च को वेबसाइट पर डाला गया है। यह कयास लगाया जा रहा था कि इससे किस कंपनी ने किस पार्टी के पक्ष में चुनावी बॉन्ड्स खरीदा है, यह पता चल जाएगा। ऐसा नहीं हो सका। हालांकि, अप्रैल, 2019 से पहले एक वर्ष के दौरान कितने चुनावी बॉन्ड्स राजनीतिक दलों को जारी किये गये, इसका ब्यौरा इसमें है। यह ब्यौरा बताता है कि वर्ष 2018 के बाद से

- **चुनाव आयोग ने ब्यौरा सार्वजनिक किया**

अभी तक भाजपा को सबसे ज्यादा 6986.5 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा मिला है। टीएमसी दूसरे स्थान पर है और इसे 1396.94 करोड़ रुपये का बॉन्ड्स मिला है, जबकि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस को 1334.35 करोड़ रुपये के बॉन्ड्स मिले हैं। द्रमुक को 656.5 करोड़ रुपये, वाइएसआर कांग्रेस को 442.8 करोड़ रुपये, बीजेडी को 944.5 करोड़ रुपये, टीडीपी को 181.35 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा अप्रैल, 2018 से लेकर अभी तक मिला है। जिस तरह से द्रमुक, एनसीपी जैसी पार्टियों ने उन्हें दान देने वाली कंपनियों के नाम सार्वजनिक किये हैं उससे यह भी साफ हो जाता है कि अगर दूसरे राजनीतिक दल चाहते तो वह भी ऐसा कर सकते थे, क्योंकि चुनावी बॉन्ड संबंधित कानून के तहत एसबीआई के जरिए चुनावी बॉन्डस जारी करने की व्यवस्था सभी राजनीतिक दलों के लिए एक समान है। बहरहाल, द्रमुक उन दलों में है जिसने सारी जानकारी बहुत ही स्पष्ट (शेष पृष्ठ 7 पर)

चुनावी बॉण्ड एक 'प्रयोग' कितना फायदेमंद रहा समय बताएगा : होसबाले

नागपुर, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड एक ''प्रयोग'' है और वक्त आने पर पता चलेगा कि यह कितना फायदेमंद और प्रभावी रहा। संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने रविवार को दत्तात्रेय होसबाले को तीन साल के लिए पुनः सरकार्यवाह (महासचिव) निर्वाचित किया। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े जारी किए। कई अरबपति कारोबारी और कम चर्चा वाली कंपनियां इसके खरीदारों में शामिल हैं। इस्पात कारोबारी लक्ष्मी मित्तल से लेकर अरबपति सुनील भारती मित्तल की एयरटेल, अनिल अग्रवाल की वेदांता, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा से लेकर कम प्रसिद्ध फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज अब रद्द किए जा चुके चुनावी बॉण्ड (शेष पृष्ठ 7 पर)

सी-17 विमान ने अरब सागर में उतारे दो लड़ाकू नौका, 17 बंधकों को कराया मुक्त

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक सी-17 सामरिक परिवहन विमान ने सोमाली समुद्री डाकुओं से अपहृत मालवाहक जहाज को जब्त करने में नौसेना की सहायता करते हुए अरब सागर में समुद्री कमांडो के साथ दो लड़ाकू नौकाओं की सटीक एयरड्रॉप को अंजाम दिया। IAF ने कॉम्बैट रबराइज्ड रेडिंग क्राफ्ट नौकाओं और MARCOS कमांडो की एयरड्रॉप को दोनों सेनाओं के बीच संयुक्तता का उल्लेखनीय प्रदर्शन बताया। नौसेना ने शनिवार को एक सुव्यवस्थित ऑपरेशन में भारतीय तट से लगभग 2,600 किमी दूर पूर्व माल्टीज ध्वज वाले व्यापारिक जहाज को जब्त करने के बाद 35 समुद्री लुटेरों को पकड़ लिया और उनके द्वारा रखे गए 17 बंधकों को मुक्त करा लिया। लगभग 40 घंटे के ऑपरेशन में नौसेना ने अपने स्टील्थ-निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस कोलकाता, गश्ती जहाज आईएनएस सुभद्रा, लंबे समय तक चलने वाले सी गार्डियन ड्रोन को तैनात करने के अलावा सी -17 विमान का उपयोग करके विशिष्ट समुद्री कमांडो - मार्कोस - को एयरड्रॉप किया।

IAF ने 'X' पर पोस्ट किया, संयुक्तता और एकता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, IAF C-17 विमान ने चल रहे एंटी पाइरेसी ऑपरेशन संकल्प के समर्थन में अरब सागर में भारतीय नौसेना मार्कोस के साथ दो कॉम्बैट रबराइज्ड रेडिंग क्राफ्ट नौकाओं की एक सटीक एयरबोर्न ड्रॉप को अंजाम दिया। (शेष पृष्ठ 7 पर)

लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट को लेकर घमासान शुरू

लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से ब्राह्मण चेहरा उतार सकती है भाजपा

चर्चित राजनीति। देवेश सिंह

लखनऊ। लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद लखनऊ पूर्वी विधान सभा सीट को लेकर घमासान शुरू हो गया है। इस सीट पर 20 मई को उपचुनाव होना है।

सूत्रों के हवाले से भाजपा के कई दिग्गज नेता दिल्ली के चक्कर काटने शुरू कर दिए हैं। हालांकि इस सीट पर हाल ही में एमएलसी हुए संतोष सिंह ने अपनी दावेदारी पेश की थी जगह-जगह उनकी होर्डिंग्स भी लगनी शुरू हो गई थी लेकिन एमएलसी बनाए जाने के बाद उनको इस दावेदारी से महरूम कर दिया गया। जातीय समीकरणों के मद्देनजर इस बार पूर्वी सीट से किसी ब्राहमण प्रत्याशी को मैदान में उतारने की कवायद चल रही है। विधायक आशुतोष टंडन के देहांत के बाद खाली हुई लखनऊ पूर्वी सीट से किसे टिकट मिलेगा इस बात को लेकर राजनीतिक गलियारे में चर्चाओं का बाजार गरम है। पुराने पदाधिकारी जातीय समीकरण साधने में लग गए हैं। पार्टी के रणनीतिकारों के लिए यह टास्क आसान नहीं है साथ ही लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वह किसी की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहेगी। दिवंगत विधायक आशुतोष टंडन के भाई अमित टंडन को पूर्वी सीट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है जबकि आम जनमानस में उनके प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई पड़ रही है, मृतक आश्रित का सर्टिफिकेट लेकर घूम रहे अमित टंडन को विश्वास है पार्टी उन्हें ही प्रत्याशित घोषित करेगी। हलांकि इससे

पूर्व दिवंगत आशुतोष टंडन की इस सीट पर फिजा काफी खराब हो गई थी भाजपा के उम्मीदवार के चलते उन्हें जीत हासिल हुई थी। लोग उनके कार्यकलापों से संतुष्ठ नहीं थे। अब ऐसे में पार्टी द्वारा टंडन के भाई पर दांव लगाना जैसा जोखिम नहीं उठा सकती है। ब्राहमण प्रत्याशी के रूप में दो नामों का जिक्र तेजी से लिया जा रहा है लखनऊ पूर्व से विधायक रहे कलराज मिश्र के बेटे अमित मिश्र व लखनऊ महानगर के उपाध्यक्ष रहे सुनील कुमार मिश्रा, इनके नामों पर तेजी से चर्चा हो रही है। सुनील कुमार मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के पुराने पदाधिकारी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी का चुनाव प्रबंधन देखने वाले राघवराम मिश्रा के बेटे हैं। लंबे समय से संगठन से जुड़े श्री मिश्रा ने लखनऊ के110 वार्डों में स्वच्छता प्रोत्साहन समितियों का गठन कर सफाई व्यवस्था की एक अलग टीम बनाई है। वह स्वच्छ भारत मिशन भाजपा के सह संयोजक भी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत श्री मिश्रा ने लखनऊ की गलियों में टीम के माध्यम में सफाई अभियान को तरजीह दी वहीं लोगों को इस अभियान के प्रति जागरूक भी किया है। इसी के चलते लोगों में उन्होंने खासी पैठ बनाई है।

फिलहाल भाजपा लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए ऐसी कोई गल्ती नहीं करेगी जिसका खामियाजा उसे लोस चुनाव में उठाना पड़े। विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा के आशुतोष टंडन उर्फ गोपाल जी टंडन 1,52,928 वोटों से जीते थे, उपविजेता रहे सपा पार्टी के अनुराग भदौरिया ने 84,197 वाट हासिल किए थे। विधानसभा चुनाव 2017 में भाजपा के आशुतोष टंडन ने 1,35,167 वोटों से जीत हासिल की थी, वहीं 79,230 वोट हालिस कर उपविजेता कांग्रेस के अनुराग सिंह रहे।

'वो क्या जानें हमारा इतिहास' : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की आलोचना हो रही है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे कई उदाहरण हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है। शनिवार को एक निजी टीवी चैनल से बातचीत के दौरान, जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए। जयशंकर ने कहा कि आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे हैं, (शेष पृष्ठ 7 पर)

शिक्षा वह निधि है जिसे कोई नहीं बांट सकता

चर्चित राजनीति। संवाददाता

बछरावां/रायबरेली। बछरावां विकासखंड के रामपुर मजरे शेषपुर समोधा में स्थित इंडियन नेशनल रूरल स्कूल (आईएनआरएस) में आज हर्षोल्लास के साथ वार्षिक उत्सव मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह विद्यालय गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए अपनी एक अलग ख्याति प्राप्त किए हुए हैं। इस समारोह के मुख्य अतिथि बछरावां विधानसभा के पूर्व विधायक रामलाल अकेला मौजूद रहे उन्होंने कहा कि इच्छा के क्षेत्र में शिक्षकों को अपनी माहिती भूमिका निभानी चाहिए एक बेहतरीन शिक्षक एक बेहतरीन नागरिक पैदा करता है शिक्षा ऐसी निधि है जिसे कोई भी नहीं बांट सकता।

पूर्व विधायक को प्रबंधक विवेक त्रिवेदी ने स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। वही इस मौके पर संरक्षक नरेंद्र नाथ त्रिवेदी व विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिवेदी ने इस मौके पर आए हुए आगंतुकों का स्वागत व अभिनंदन किया। इसके साथ ही साथ प्रधानाध्यापिका प्रज्ञा त्रिवेदी ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति के बारे में सभी लोगों को अवगत कराया। वहीं इसके साथ ही साथ वार्षिक उत्सव के मौके पर बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड आस्था मिश्रा को, अचीवमेंट अवार्ड जीतू को व एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड फरहान को दिया गया। वही इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा डांस, फाग, कव्वाली, कवि सम्मेलन, गीत व सोशल मीडिया एक्ट का मंचन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में अभिभावक गण ग्रामीण व प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मौजूद अभिभावक गणों ने विद्यालय परिवार के द्वारा तैयार कराई गई, बेहतरीन प्रस्तुति के लिए सराहना व उत्साह वर्धन किया।

बेड़ारु में भाजपा का मिलन समारोह सम्पन्न

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- राज्यमंत्री के समक्ष सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

शिवगढ़, रायबरेली। क्षेत्र के बेड़ारु में भाजपा का मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात स्वतन्त्र प्रभार प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी का जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों,जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

विनय वर्मा के नेतृत्व में प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा, शिवगढ़ प्रथम से जिला पंचायत सदस्य अनुपमा मिश्रा, खजुरों प्रधान सोनल वर्मा,पिण्डौली प्रधान प्रीती वर्मा,प्रधान अशर्फीलाल यादव, अनिल वर्मा, कृष्णकांत उर्फ दउवा शुक्ला, दुर्गेश बहादुर, राजकुमार यादव, बंसीलाल लोधी,अरुण रावत, मनीराम यादव, महेंद्र वर्मा सहित विभिन्न दलों से आए सैकडों लोगों ने भाजपा का दामन थामा। राज्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक जीता हुआ एमपी चुनाव जीतने के बाद आपका हाल तक जानने नहीं आया और एक हारा हुआ एमपी लगातार आपकी सेवाकर रहा है। फैसला आपके हाथ में है कि हमेशा सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले को जितना है या चुनाव जीतने के बाद दिखाई न पड़ने वाले को जिताना है। जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहाकि भाजपा के बढ़ते जनाधार से लग रहा है यहां से विपक्ष गायब हो गया है। इस मौके पर नन्दकिशोर तिवारी, राजकुमार सिंह, शरद सिंह, सरोज गौतम, अनुभव कक्कड़ राजकिशोर बाजपेई, रतीपाल रावत, भाजपा मण्डल जीबी सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह, यादव,लल्लन सिंह,नारेन्द्र सिंह,संदीप पाठक, राजकुमार शुक्ला, ध्यानू पाण्डेय, दुर्गेश सिंह, बेड़ारु प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार,रिंकू सिंह, बलवीर सिंह, आलोक चौधरी, उमाशंकर चौधरी, दिनेश गौतम, सुनील सिंह, पंकज मिश्रा, प्रदीप सिंह, सुरेन्द्र समेत कई लोग मौजूद रहे।

एनसीसी कैडेट का हुआ विदाई समारोह

बछरावां रायबरेली, चसं। दयानंद पीजी कॉलेज बछरावां में एनसीसी अंतिम वर्ष के कैडेटों का विदाई समारोह आयोजित हुआ । विदाई समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय अवधेश प्रताप सिंह , विशिष्ट अतिथि बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष श्री शिवेंद्र सिंह राम जी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ने कैडेटों को संबोधित करते हुए विदाई के वास्तविक अर्थ को समझाया विशिष्ट अतिथि राम जी ने कैडेटों के भविष्य की सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि एनसीसी के कैडेट देश के सजग प्रहरी और देश के अनमोल रत्न हैं।राष्ट्रीयता का भाव कैडेट के अंदर कूट-कूट कर भरा होता है।

कैडेटों ने सी सर्टिफिकेट के माध्यम से अपनी मातृभूमि के लिए जो संकल्प लिया है वो परिपूर्ण हो।यह हम सभी का शुभाषित है। एनसीसी एएनओ कैप्टन डॉ विष्णु चंद्र श्रीवास्तव ने एवं कॉमर्स विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ शिशिर श्रीवास्तव ने कैडेटों को आगे भी जीवन में इसी प्रकार अनुशासन में रहकर जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डॉ लवपल सिंह,कुलदीप और सभी एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संयोजन ट्रेनर राहुल चौरसिया ने किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन कैडेट सुहानी और गुंजन ने किया । एनसीसी कैडेटों ने अपने वरिष्ठ कैडेटों को भाव विभोर होकर विदाई दी कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

डीएवी पब्लिक स्कूल का ग्रेजुएशन सेरेमनी समारोह सम्पन्न

चर्चित राजनीति। संवाददाता

रायबरेली। आज एन टी पी सी ऊंचाहार स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र कुमार मिश्र जी द्वारा मुख्य अतिथि एन टी पी सी प्रियदर्शिनी क्लब की उपाध्यक्ष श्रीमती ऊर्जश्वला एवम अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया,तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य,एवम अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।सभी ने एक साथ डी ए वी गान गया।इसके बाद छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा गणेश वंदना की गई ।इस अवसर पर एल के जी एवम , यू के जी कक्षा के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई ,जिनमें फैंसी ड्रेस , नृत्य , कविता, नाटक, भाषण मुख्य रहे। नन्हे मुन्नों बच्चों के द्वारा बड़े ही मनमोहक ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गयी,जिसको सभी ने खूब सराहा। इसके बाद बच्चों ने होली उत्सव भी मनाया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कार्यक्रम की सराहना की।प्रधानाचार्य जी ने सभी अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए उन्हें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। सभी बच्चों को उपहार स्वरूप पुरस्कार वितरित किए गए।

नवरात्रि व रमजान त्यौहार में भी नगर पालिका उतरौला में गंदगी का अंबार

संवाददाता

उतरौला(बलरामपुर)। नवरात्रि व रमजान होने के बावजूद नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो चुकी है। सफाई कर्मी केवल मुख्य राजमार्ग की सफाई को अपना कर्तव्य मानकर इसे पूरा करने में लगे हैं। गलियों के सड़कों की सफाई, नाली की सफाई पूरी तरह डगमगा गई है।कूड़े की उठान कई-कई दिनों तक नहीं हो रही है। अनेक स्थानों पर नालियों का पानी सड़क पर बहने से मंदिरों पर जाने वाले दर्शनार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्य नगर में नगरपालिका जूनियर हाई स्कूल के पास, गुरुद्वारा के पीछे की गली, गोंडा मोड़ से घोसियाना जाने वाली गली, आर्य नगर कांशीराम कॉलोनी जाने वाले मार्ग की दशा शोचनीय है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सफाई कर्मियों के नियमित रूप से न आने के कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सफाई का निरीक्षण करने के लिए तैनात सफाई नायक भी उदासीन बने हुए हैं। श्रीराम, मनोज कुमार, सुनील कुमार, संतोष सोनी समेत अनेक लोगों का कहना है कि सफाई अव्यवस्थित होने के कारण जलजमाव की समस्या हो रही है। मच्छरों का आतंक भी बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम संतोष ओझा का कहना है कि राजस्व कर्मचारी को भेज कर वार्डों की सफाई व्यवस्था का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा।

बजट के अभाव में मनरेगा मजदूरों का 9 माह से नही मिला एक पाई

संवाददाता

उतरौला(बलरामपुर)। विकास खण्ड उतरौला के मनरेगा मजदूरों व निर्माण सामग्री का तीन करोड़ दस लाख रुपए का भुगतान बजट में धन के अभाव में नहीं हुआ है। मनरेगा मजदूरों को नौ माह से एक करोड़ साठ लाख रुपए की मजदूरी का भुगतान नहीं हो पाया है। मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलने से मजदूर व उसके परिवार भुखमरी के कगार पर है। वहीं मनरेगा में कराए गए विकास कार्यों में एक करोड़ पचास लाख रुपए के लागत की निर्माण सामानों की खरीद दारी की गई है लेकिन सरकार द्वारा मनरेगा में बजट उपलब्ध न कराने से आपूर्तिकर्ता विकास खण्ड उतरौला कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत गांव के गरीब मजदूरों का पलायन रोकने के लिए सरकार ने गांव में ही सौ दिन का रोजगार देने की गारंटी दे रखी है और उनके मजदूरी का भुगतान तत्काल करने का आदेश दे रखा है। विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सरकार ने? तमाम विकास योजनाओं में मनरेगा के पंजीकृत मजदूरों से मजदूरी कराई। मनरेगा मजदूरों से मजदूरी कराने के बाद बीते जुलाई माह से मजदूरों के मजदूरी का भुगतान सरकार ने नहीं किया। मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान न होने से उनके व उनके परिवार के सामने भुखमरी की समस्या खड़ी हो गई है। मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान न होने से मजदूरों का मनरेगा से मोह भग हो गया है और तमाम मनरेगा मजदूर जीविका चलाने के लिए शहरों की ओर? पलायन कर गए हैं। मनरेगा मजदूरी व विकास के लिए खरीदे गए निर्माण सामग्री का भुगतान न होने पर ग्राम प्रधान, मनरेगा मजदूरों व कर्मचारियों ने समय समय पर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की लेकिन वित्तीय वर्ष बीतने के अन्तिम दिनों तक मनरेगा मजदूरों व निर्माण सामग्री का भुगतान नहीं हो सका। खण्ड विकास अधिकारी उतरौला संजय कुमार ने बताया कि विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र में मनरेगा मजदूरों व निर्माण सामग्री का तीन करोड़ दस लाख रुपए का भुगतान होना है। इसके भुगतान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इसका बजट मिलते ही भुगतान करा दिया जाएगा। मनरेगा में बजट न होने से इससे जुड़े रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर लिपिक,लेखा अधिकारी को नौ माह से वेतन नहीं मिला है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं जिला कारागार का किया निरीक्षण

संवाददाता

अम्बेडकर नगर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफएक्शन 2023-24 के अनुपालन में श्री राम सुलीन सिंह, माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के निर्देशानुसार आज दिनांक 15.03.2024 को जिला कारागार, अम्बेडकरनगर में, प्ली बारगेनिंग एवं 436 ए के लाभ विषय पर श्री कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में श्री जिला कारागार अम्बेडकरनगर से श्री गिरिजा शंकर यादव, कारापाल एवं श्री छोटे लाल सरोज, उपकारापाल व जिला कारागार के अन्य कर्मचारीगण एवं बन्दियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुये श्री कमलेश कुमार गौर्य, अपर जिला जज ध् सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर ने प्ली बारगेनिंग विषय पर बोलते हुये कहा कि भारतीय संसद ने दण्ड प्रक्रिया संहिता में संशोधन अधिनियम 2ध्2006 द्वारा एक नया अध्याय 21 (ए) (चारा 265-ए से 265-एल) प्ली बारगेनिंग नामक शीर्षक जोड़कर दांडिक अभियोजन व पीडित पक्ष आपसी सामंजस्य से प्रकरण के निपटारे हेतु न्यायालय के अनुमोदन से एक रास्ता निकालते हैं जिसके तहत अभियुक्त द्वारा अपरत्ध स्वीकृति पर उसे हल्के दण्ड से दण्डित किया जाता है जो अन्यथा कठोर हो सकता है। प्ली बारगेनिंग समझौते का एक तरीका है। इसके तहत अभियुक्त कम सजा के बदले में अपने द्वारा किये गये अपराध को स्वीकार करके और पीड़ित व्यक्ति को हुये नुकसान और मुकदमें के दौरान हुये खर्वे की क्षतिपूर्ति करके कठोर सजा से बच सकता है। न्यायालय उक्त पक्षों को आपसी संतोषजनक हल निकालने के लिये समय देगा। सचिव महोदय द्वारा 436ए के बारे में बताया कि जब किसी व्यक्ति किसी विधि के अधीन किसी अपराध के (मृत्यु दण्ड को छोड़कर) इस संहित के अधीन अन्वेषण, जांच या विचारण की अवधि के दौरान कारावास की उस अधिकराम अवधि के, जो उस विधि के अधीन उस अपराध के लिए विनिर्दिष्ट की गई है, के आधे से अधिक के लिए कारागार निरूद्ध रह चुका है। वहां वह प्रतिभू सहित या रहित व्यक्तिगत बंधपत्र पर न्यायालय द्वारा छोड़ा जा सकता है, परन्तु न्यायालय, लोक अभियोजक की सुनवाई के पश्चात् और उन कारणों से जो उस द्वारा लेखबद्ध किए जाएंगे, ऐसे व्यक्ति के उक्त आधी अवधि से दीर्घतर अवधि के लिए कारागार निरुद्ध जारी रखने का आदेश कर सके या व्यक्तिगत बंधपत्र के बजाय प्रतिभुओं सहित या रहित जमानत पर उसे छोड़ देगा। आशय यह है कि जमानत मंजूर करने के लिए इस धारा के अधीन कारागार की अवधि की गणना करने में अभियुक्त द्वारा कार्यवाही में किए गए विलम्ब के कारण बितायी गयी कारागार की अवधि को अपवर्जित किया जाएगा। अपर जिला जजध्सचिव महोदय द्वारा जेल अधीक्षक, जिला कारागार अम्बेडकरनगर को निर्देशित किया गया कि जिला कारागार, अम्बेडकरनगर में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है परन्तु वह जमानतदार के अभाव में कारागार से रिहा नहीं हो पा रहे हैं तो उसकी सूचना से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर को समय समय पर अवगत कराते रहें। शिविर के उपरान्त अपर जिला जज ध् सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर द्वारा जिला कारागार एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। कारागार के निरीक्षण के दौरान सचिव महोदय द्वारा बन्दियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के विषय में बात की बन्दियों को लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की एवं जेल अधीक्षक जिला कारागार, अम्बेडकरनगर को निर्देशित किया गया कि बन्दियों को उनकी रिहाई के अधिकारों के प्रति जागरूक करें व किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर उचित उपचार दिलाना सुनिश्चित करें।

कच्ची कोठरी गिरने से महिला की मौत

उन्नाव, चसं। जनपद की सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में एक कच्ची कोठरी गिर गई। जिससे अंदर मौजूद महिला दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार मुस्तफाबाद गांव के रहने वाले इंद्रपाल की 40 वर्षीय पत्नी इंद्राणी कच्ची कोठरी में रहकर गुजर बसर कर रही थीं। शनिवार की देर रात कोठरी भरभरा कर गिर गई, जिससे इंद्राणी उसी के नीचे दबाकर गंभीर रूप से घायल हो गई। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े और मिट्टी के ढेर के नीचे दबी इंद्राणी को आनन फानन में बाहर निकाला। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

इमरजेंसी में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इंद्रपाल ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कई बार ग्राम प्रधान से कहा, लेकिन उन्हें आवास नहीं मिला। घटना की जानकारी सफीपुर कोतवाली पुलिस को कंट्रोल रूम के जरिए मिली।

संक्षिप्त समाचार

महिला को दांत से काटा, भर्ती

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के अकोड़िया रोड निवासिनी कल्पना 48वर्ष को दांत से काटने के बाद उनको घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया है।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि महिला कें दांत से काटने पर लहूलुहान होने पर उनको भर्ती करवाया गया है।

मारपीट में कई घायल, भर्ती

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के गांव मसौदाबाद निवासी सुशील कुमार 42वर्ष;अमरेश कुमार 47वर्ष निवासी अरखा;बरसवां निवासी संतोष कुमार 36वर्ष;रूपेन्द्र सिंह 37वर्ष निवासी आइमाजहनिया;गोमती 60वर्ष निवासिनी आइमाजहनिया;गांव पुरनशाहपुर निवासिनी रीता 33वर्ष को मारपीट में चोट लगने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती करवाया गया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि मारपीट के मामले में लिखित तहरीर मिलने पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

युवती का अपहरण, मां ने लगाया गंभीर आरोप

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत एक गांव की युवती का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है।जिसमें युवती की मां ने आरोपी युवक व उसके परिजन के खिलाफ तहरीर दिया है।जिसको लेकर कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण की जांच पड़ताल किया गया है।

पांच कबूतर को जहर देकर मारने का आरोप

रायबरेली, चसं। महराजगंज कोतवाली के गांव सिरसोई निवासी मैकू पुत्र कल्लू कबूतर पाल रखा है।जिसमें पीड़ित का आरोप है कि पांच कबूतरों को जहरीला पदार्थ खिलाकर मार डाला गया है।जिसमें आरोपितों के खिलाफ नामजद शिकायत किया गया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि कबूतरों का पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है जिसके रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

पटाखा फैक्टरी में धमाका, एक मजदूर की मौत

रायबरेली, चसं। जिले के पटाखा फैक्टरी में रविवार के दिन एकाएम धमाका हो गया।जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। महराजगंज कोतवाली के अन्तर्गत गांव पहरेमऊ में हुए पटाखा बनाने के लालमोहम्मद का पटाखा का कारखाना है।जिस लाइसेंसी कारखाने में विस्फोट होने पर बीरेन्द्र कुमार शर्मा 19वर्ष की मौके पर मौत हो गई जबकि शिवम उर्फ छोटू 15वर्ष की हालत गंभीर होने पर उनको जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।महराजगंज कोतवाली में जिले के अधिकारियो से लेकर स्थानीय अधिकारियों तक जांच करने पहुंचे।सीओ ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। पूरे प्रकरण की गहनता से जांच किया जा रहा है।

युवक की राजस्थान में मौत

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के गांव खालिकपुरकला निवासी संजय कुमार 28वर्ष पुत्र गजाधर राजस्थान प्रांत के एक राइसमिल में दैनिक मजदूरी करता है।जहां पर उसका शव फांसी के फंदे में लटकता हुआ मिला।जिसका शव गांव पहुंचने पर परिजन में रो रोकर बुरा हाल था।मृतक के परिजन हत्या की अशंका जता रहे थे।सीओ ने बताया कि दूसरे प्रांत का मामला है यदि लिखित शिकायत परिजन करेंगे तो उनकी मदद किया जाएगा।

मार्ग दुर्घटना का लाइव वीडीओ वायरल

रायबरेली, चसं। बछरावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चुरूवाबाईपास निकट दो तेज रफ्तार कार आपस में टक्कर लगने का लाइव वीडीओ सोशल मीडिया में वायरल हो गया।जिसमें तीन लोगों की हालत गंभीर बताया जा रहा है।बछरावां थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों के होश में आने के बाद उनका पता चलेगा फिलहाल लाइव वीडीओ के द्वारा विभागीय जांच करके कार्रवाई किया जा रहा है।

युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों मिला

रायबरेली, चसं। बछरावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जलालपुर निकट दुकान के नीचे संदिग्ध परिस्थितियो में शव युवक का मिला।जिसकी पहचान सुनील कुमार 28वर्ष गांव जलालपुर के रूप में हुई ।परिजन ने हत्या की अशंका जताया है।उधर थाना प्रभारी बछरावां ने बताया कि युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

मार्ग दुर्घटना में दो गंभीर रूप से घायल, भर्ती

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत कानपुर मार्ग पर महावीर 45 वर्ष निवासी अजाजिर जिला उन्नाव व विजय पाल 40वर्ष निवासी गांव अकोड़िया मार्गदुर्घटना में गंभीर घायल होने पर सीएचसी में भर्ती किया गया।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

महिला ने वर्दीधारी पर लगाया बदसलूकी का आरोप

रायबरेली, चसं। लालगंज थाना क्षेत्र के बहाईपुलिस चौकी अन्तर्गत एक गांव की महिला ने वर्दीधारी पर दबंगई दिखाते हुए बदसलूकी करने का आरोप लगाया है।जिसको लेकर कोतवाली प्रभारी पर पक्षपात करने का आरोप है।उधर सीओ ने बताया कि प्रकरण की जांच किया जाएगा।

हादसों की जांच करने पहुंची विद्युत सहायक निदेशक

उन्नाव, चसं। उन्नाव की गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र में हाल ही में बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई थी। जबकि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो मासूम झुलस गए थे। हादसे के बाद विद्युत सहायक निदेशक सुरक्षा ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। ब्रह्मनगर में आरओ प्लांट लगाकर पानी सप्लाई करने वाले अमित अवस्थी (22) को 27 फरवरी को घर में लगे प्लांट पर काम करने के दौरान करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस घटना के पांच दिन बाद 3 मार्च को श्रीनगर में छत से गुजरी एचटी लाइन में पतंग छुड़ाने में 10 वर्षीय राजू गुप्ता गंभीर रूप से झुलस गया। इसके अगले दिन 4 मार्च को पोनी रोड तिरंगा चौराहे क पास रहने वाली 8 वर्षीय पूर्वी वाजपेयी भी छत पर खेलने के दौरान एचटी लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। बिजली हादसों के इन तीनों मामलों की जांच करने लखनऊ मे विद्युत सहायक निदेशक सुरक्षा सोनाली सिंह शुक्लागंज सबस्टेशन पहुंची। जहां जेई विष्णु शुक्ला और अक्षय तिवारी के साथ ब्रम्ह नगर और श्री नगर जांच पड़ताल करने मौके पर पहुंची परिजनों से घटना की जानकारी की और रिपार्ट बनाकर वापस मुख्यालय चली गई। उन्होंने बताया कि छज्जे के पास से निकली हाईटेंशन लाइन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे हादसे न हो। जेई विष्णु शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट भेजी गई है। यदि विभाग की कमियां प्रकाश में आएगी तो मुआवजा दिया जाएगा। सभासद अभिषेक शुक्ला उर्फ बब्लू के वार्ड 28 में कई गलियों में झूलते तार होने के कारण विद्युत आपूर्ति में दिक्कतें आ रही थी। जिस पर उन्होंने विभाग को जानकारी दी। जिस पर रीवैंप योजना के तहत एक हजार घरों की बिजली सप्लाई बंद कर गलियों में झूलते तार बदलने का काम शुरू किया गया। पुराने तार की जगह नई एबीसी केबिल डाली गई। सुबह से शाम बिजली गुल रहने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

गंगा की रेती में लहलहाती जायद की फसल किसानों के चेहरे खिले, फायदे की उम्मीद

उन्नाव, चसं। जनपद की जायद की फसल के लिए इस बार का मौसम काफी अनुकूल रहा है, कड़ाके की सर्दी होने के बाद अचानक मौसम बदल गया है। इस समय खीरा, ककड़ी की फसल तैयार होने वाली है, लहलहाती फसल को देख किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। किसानों का कहना है कि इस बार समय से पहले तेज धूप होने से खीरा ककड़ी की बिक्री अधिक होगी, जिससे आमदनी बढ़ने की उम्मीद है। गंगा कटरी के शंकरपुर, सन्नी सरायं, कन्हवापुर, लक्ष्मी खेड़ा, फत्तेखेड़ा, चंपापुरवा, गगनी खेड़ा, नेतुआ, गोताखोर, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, इंद्रा नगर, प्रेम नगर, मंशा खेड़ा, नाथू खेड़ा, पीपर खेड़ा, झब्बूपुरवा, चंदन घाट आदि तमाम गंगा के किनारे गांव में रहने वाले किसानों ने रेती की खेती कर रखी है। कड़ाके की सर्दी में किसानों की बीज बोने में कई बार भारी नुकसान हुआ, लेकिन कुछ ही दिनों में मौसम सामान्य होने लगा, फसल इस समय लहलहा रही है। खीरा, ककड़ी, तरोई, लौकी, कद्दू के फूल भी निकल आए हैं। कुछ किसानों की खीरा, ककड़ी भी तैयार होने वाले हैं। रेती की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि धूप और गर्मी अधिक पड़ने लगी है।

संक्षिप्त समाचार

सतरंगी शो में बच्चों व युवाओं ने दिखाई अपनी नैसर्गिक प्रतिभा

लखनऊ, चसं। बच्चों एवं युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर उन्हें उनकी अभिव्यक्ति का मंच प्रदान के उद्देश्य से जेपीएस स्टार 11 के तत्वावधान और इम्पल्स सिने एंटरटेनमेंट प्रा.लि. के सहयोग से शो सतरंगी कार्यक्रम का आज राजधानी के वृंदावन योजना रायबरेली रोड, लखनऊ प्रेम रस रेस्तरां में शुभारंभ हुआ। शो सतरंगी कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इम्पल्स के प्रबंध निदेशक प्रदीप श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि श्वेता श्रीवास्तव, रितिका गुप्ता, अंकीत बाजपेयी, सीमा विरमानी और अरविन्द सक्सेना ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर दिव्य आशीष योग संस्थान, नृत्य मंथन स्कूल ऑफडांस और बूम प्रोडक्शन के कलाकारों ने अपने नृत्य, गायन, अभिनय और कॉमेडी से लोगों को अपनी प्रतिभा से परिचित कराया। समारोह में शो सतरंगी के निर्माता अरविन्द सक्सेना ने बताया कि इस शो का निमार्ण उन बच्चों और युवाओं के लिए किया गया है, जो प्रतिभा होने के बावजूद किसी भी प्रतिष्टित मंच पर अपनी प्रतिभा अभी तक नहीं दिखा पाए हैं। उन्होने बताया कि शो सतरंगी को ट्विनस सिस्टर अन्नू और मन्नू के अलावा बेबी साक्षी व पूर्वी प्रसारित कर रहीं हैं। श्री सक्सेना ने बताया कि शो सतरंगी को भारत के विभिन्न राज्यों व उनकी राजधानियों के साथ प्रमुख शहरों में स्ट्रीट शो, स्टेज शो और डिजिटल प्लेटफार्मों के जरिये प्रस्तुत किया जाएगा। शो सतरंगी के अवसर पर साक्षी द्विवेदी, श्वेछा वर्मा, निलेश पाल, शबाब अली, प्रदीप दास, मंजूषा सक्सेना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मनरेगा से नाली निर्माण में अनियमितता पर कर्मियों से होगी वसूली

लखनऊ, चसं। पीलीभीत के ब्लॉक बरखेड़ा के गांव बकैनियामहद में मनरेगा के तहत नाली निर्माण में अनियमितता की आईजीआरएस पोर्टल,सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायत की जांच ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी के आदेश पर संयुक्त विकास आयुक्त बरेली मण्डल द्वारा अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग बरेली से करायी गयी संयुक्त विकास आयुक्त बरेली मण्डल द्वारा प्रेषित जांच आख्या में कहा गया है कि निर्मित नाली की ब्रिक चिनाई एवं प्लास्टर कार्य की स्ट्रेन्थ कमजोर पाथी गयी। सीसी रोड में सीसी 1रू6रू12 की स्ट्रेन्थ कमजोर पायी गयी, जिसके लिये कुल धनराशि 18183 रूपये की वसूली प्रस्तावित की गयी है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि वसूली के लिये ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत एवं तकनीकी सहायक को समान रूप से उत्तरदायी माना है। प्रयुक्त ईटों में लगभग 30 प्रतिशत ईंटे मानक के अनुरूप नहीं पायी गयी। ईटों का कोई भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इसलिए 30 प्रतिशत ईटों पर एम-100 की दरों के अनुसार कटौती करते हुए भुगतान किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई में भोजन वितरण

लखनऊ, चसं। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई में अकिंचन और असहाय लोगों को भोजन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम निरंतर चल रहा है इस कड़ी में रविवार को सोसाइटी की ब्रज की रसोई के माध्यम से आशियाना सेक्टर के स्थित साई मंदिर और बंगला बाजार के चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में गरीब असहाय और बच्चों को पूड़ी सब्जी भोजन के पैकेट वितरित किए। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (रजि.) द्वार संचलित ब्रज की रसोई में आज रसोई परिवार के सदस्य रजनीश मिश्रा की छोटी बहन आकांक्षा मिश्रा ने उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा पद पर नियुक्ति हुई उसी के परिपेक्ष में आज रसोई का भंडारा रजनीश मिश्रा जी के द्वारा संपन्न हुआ।इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक एवं अध्यक्ष विपिन शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य समाज के वंचित लोगों को सशक्त, आत्मनिर्भर, रोजगार योग्य बनाना है। ताकि वे स्वस्थ, सम्मानजनक और टिकाऊ जीवन यापन कर सकें। रविवार को हुए भोजन वितरण कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक अनिल शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी, संस्था के राष्ट्रीय महासचिव नीरज शर्मा, आर. के. शुक्ला, जे. पी. शर्मा, रजनीश मिश्रा, विशाल सक्सेना, गौरव स्वरूप, सुशील कुमार, मनोज गुप्ता, उमेश मिश्रा, अलोक पाठक, गगन शर्मा, आशीष श्रीवास्तव, हर्षित अवस्थी, रवि अवस्थी, रंजीत कश्यप, कुसुम गौड़ शामिल रही। संस्था के सदस्यों ने बताया कि ब्रज की रसोई की ओर से प्रत्येक रविवार को अधिक से अधिक असहाय और गरीब बच्चों को पौष्टिक भोजन वितरित करने का संकल्प है। यह कार्यक्रम कोरोना काल के दौरान चलाया गया था। बाद में इसको बंद कर दिया गया था। इसको एक बार फिर से चालू किया गया है।

मंदबुद्धि युवती से युवक ने किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, चसं। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव मे रहने वाली मंदबुद्धि युवती को बहला फुसला अपने साथ ले जाकर युवक ने जबरन रेप किया। आरोपी के चगुंल से छुटकर घर पहुंची युवती ने परिजनो से आपबीती बताई।जिसके बाद पीड़ित बहन संग भाई ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। आरोपी युवक के विरूद्ध दुराचार की धारा में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस ने गिरफ्तार किया। मोहनलालगंज के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसकी 25 वर्षीय बहन मंदबुद्धि है,बीते शुक्रवार की देर रात मंदबुद्धि बहन को बहला-फुसलाकर युवक जीतेन्द्र ने अपने साथ गांव के बाहर स्थित रेलवे क्रासिंग के पास जगंल में ले जाकर जबरन रेप किया।

अवैध कच्ची शराब समेत महिला तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ, चसं। मोहनलालगंज पुलिस ने बीते शनिवार की देर रात 10 ली0 अवैध कच्ची देशी शराब के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तार किया।पुलिस ने महिला तस्कर पर 60 आबकारी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया शनिवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर इन्द्रजीतखेड़ा गांव से 10ली0अवैध कच्ची देशी शराब के साथ महिला तस्कर रीता देवी निवासी इन्द्रजीतखेड़ा थाना मोहनलालगंज को गिरफ्तार किया।महिला तस्कर के विरूद्ध 60 आबकारी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान किया।

सपा के पूर्व सांसद देवेन्द्र यादव समर्थकों संग भाजपा में शामिल

हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाना बीजेपी का लक्ष्य : ब्रजेश पाठक

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद व पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए। लखनऊ कैंट विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी अनिल पाण्डेय व लखनऊ के सपा नेता संदीप पाल ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान सांसद राजवीर सिंह 'राजू भैय्या', प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह तथा प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा परिवार में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में चल रही विकास की यात्रा से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं से विकसित भारत निर्माण का संकल्प पूर्ण हो रहा है। आज बदलता हुआ भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। श्री चौधरी ने कहा कि हमारी विचारधारा से जुड़कर पार्टी में शामिल हुए सभी लोग अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूर्ण करने में सहभागी बनें और सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के मार्ग पर मिलकर आगे बढ़े।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी का स्वागत है। लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए मिलकर काम करना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है। भाजपा में शामिल होने के साथ आप सभी को यह जिम्मेदारी लेकर घर जाना है कि जनपद में पहुंचकर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा की विचारधारा को जनजन तक पहुंचाना है।

स्कूल के वार्षिक उत्सव में पहुंचे बृजेश पाठक

लखनऊ, चसं। हर वर्ष की भांति इस बार भी उड़ान किड्स स्कूल फैजुल्लागंज द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। उड़ान किड्स स्कूल के द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि यही बच्चें कल अलग अलग क्षेत्रों में अपना, परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

सड़क हादसे में मासूम बच्ची की मौत, हंगामा

लखनऊ, चसं। राजधानी के अलीगंज थाना क्षेत्र में ढाई साल की मासूम राधिका राजवंशी की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राधिका सड़क पर जा रही तेज रफ्तार नेक्सॉन गाड़ी के सामने आ गई, गाड़ी चढ़ने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने सड़क जाम कर दी। मौके पर मौजूद भीड़ ने कानूनी कार्रवाई की मांग कर जमकर हंगामा किया। राधिका राजवंशी अपने परिजनों के साथ अलीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ही रहती थी। उसके पिता इलाके में सब्जी की दुकान लगाते हैं। सड़क पर जुटी भीड़ को मौके पर पहुंचे एसीपी अलीगंज व इंस्पेक्टर अलीगंज ने समझाया। अधिकारियों ने लोगों से बातचीत कर भीड़ को वापस किया। अधिकारियों का कहना है की घटना के बाद संबंधित गाड़ी मलिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। गाड़ी के बारे में जानकारी जुटा ली गई है। एक टीम गाड़ी व गाड़ी मालिक को हिरासत में लेने के लिए लगी है। परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। दुर्घटना के बाद आक्रोशित परिजन और भीड़ ने सड़क जाम कर दी। इस दौरान बच्ची की मौत से नाराज लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफनारेबाजी की।

पुलिस अफसरों को चुनाव आचार संहिता पर अमल करने के निर्देश

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- ईवीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की व्यवस्था पर बनायें रणनीति

लखनऊ। लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी होने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने सभी अधिकारियों को आदर्श चुनाव आचार संहिता का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। पुलिस मुख्यालय ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर सभी पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को भेज दी है। राज्य पुलिस मुख्यालय की ओर से यहां दी गई।

जानकारी के मुताबिक, अधिकारियों को एक कार्य योजना पर अमल करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत अवैध शराब और अवैध हथियार का कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाने, लाइसेंसी हथियार की दुकानों का सत्यापन करने, सोशल मीडिया पर निगरानी के साथ-साथ कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। मतदान कार्यक्रम की घोषणा के कुछ घंटे बाद शनिवार को पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश के मुताबिक मतदाताओं को किसी भी तरह का प्रलोभन देने तथा शराब या धन बांटने की जानकारी गोपनीय तरीके से जुटाने का और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसमें अपराधियों के साथ-साथ माफिया और सक्रिय अपराधी भी शामिल हैं। सभी पुलिस आयुक्तों के साथ-साथ सभी जिला पुलिस प्रमुखों को भी मतदान से पहले, मतदान और मतगणना के दिन तथा ईवीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की व्यवस्था करने की रणनीति तैयार करने को कहा गया है। पुलिस मुख्यालय ने उत्पाद शुल्क, आयकर, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ-साथ जिला प्रशासन से भी समन्वय सुनिश्चित करने को कहा है।

पहली अप्रैल को 18 साल की उम्र पूरी करने वाले बन सकेंगे वोटर

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही अब वोटर लिस्ट से किसी भी वोटर का नाम नहीं काटा जा सकेगा।अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं है तो वह अपना नाम जरूर जुड़वा सकता है। आगामी पहली अप्रैल को जो युवा 18 साल की उम्र पूरी कर रहे हैं, वह भी इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए वोटर बनने का आवेदन यानि फार्म संख्या छह भर सकते हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी मतदाता के नाम हटाने की कार्रवाई नहीं की जाएगी। आदर्श आचार संहिता लागू होने की तारीख तक नाम हटाने के लिए प्राप्त फार्म-7 पर संबंधित ईआरओ द्वारा निर्णय लिया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है, वे मतदाता नाम शामिल करवाने के लिए पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी आनलाइन फार्म भरकर नाम परिवर्तित कराने की कार्यवाही की जा सकती है। नाम जुडंवाने की कार्यवाही नामांकन की अन्तिम तिथि तक की जा सकती है। पोर्टल के माध्यम से मतदाता द्वारा मतदाता पहचान पत्र का क्रमांक डालकर अपने पोलिंग बूथ एवं क्रम संख्या के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 54 लाख मतदाता पहचान पत्र पोस्ट आफिस के माध्यम से मतदाताओं को उपलब्ध करा दिये गये हैं तथा मतदान से पूर्व समस्त शेष मतदाताओं को भी मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध करा दिए जाएंगे।टोल फ्री नम्बर-1950 के माध्यम से भी मतदाता द्वारा अपने पोलिंग बूथ एवं नाम जुड़वाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अभियान श्मैं हूँ नाश् संचालित है, जिसके द्वारा प्रत्येक अर्ह व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर सकता है, यदि उसका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं।

ऊंचे अपॉर्टमेंट और गेट वाली कॉलोनियों के अंदर बनेंगे मतदान केंद्र : रिणवा

लखनऊ, चसं। भारतीय चुनाव आयोग ईसीआई पहली बार उत्तर प्रदेश में ऊंची इमारतों और गेट वाली कॉलोनियों के अंदर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्र स्थापित करेगा। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सीईओ नवदीप रिनवा ने कहा, राज्य में ऊंचे अपॉर्टमेंट परिसरों और गेट वाली कॉलोनियों के अंदर मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। हमने ऐसे 217 अपॉर्टमेंट परिसरों और कॉलोनियों की पहचान की है। इनमें दादरी में 68, नोएडा में 67, साहिबाबाद में 37, मुरादनगर में 8 और लोनी, गाजियाबाद और बख्शी-का-तालाब में सात-सात हैं।सीईओ श्री रिणवा ने कहा, 82 हजार मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की सुविधा होगी। मतदान केंद्र भूतल पर ही बनाए जाएंगे। व्हीलचेयर, विकलांग मतदाताओं के लिए रैंप, शौचालय, पर्याप्त रोशनी, पीने के पानी व मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है।उन्होंने कहा, हमने प्रयास किया है कि किसी मतदाता को वोट डालने के लिए दो किमी से अधिक की यात्रा न करनी पड़े।

श्री श्याम मंदिर में तीन दिवसीय होगा फागुन आयो रे कार्यक्रम

लखनऊ, चसं। बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में फागण आयो रे कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। श्री श्याम परिवार लखनऊ के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि फाल्गुन उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए पिछले 20 दिनों से कोलकाता के कलाकारों द्वारा मंदिर में बाबा का भव्य अलौकिक दरबार बनाया जा रहा है कार्यक्रम की शुरुआत श्री श्याम ध्वज यात्रा मंगलवार 19 मार्च को प्रातः 9.00 से आदर्श धर्म कांटे के पास आर्यनगर, ऐशबाग रोड से प्रारंभ होकर फतेहगंज, श्रीराम रोड, कैसरबाग, परिवर्तन चौक होते हुए श्री श्याम मंदिर बीरबल साहनी मार्ग पर संपन्न होगी। एकादशी के पावन पर्व पर फागन आयो रे कार्यक्रम 20 एवं 21 मार्च को मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक वाराणसी से कृष्णा दाधीच, लखनऊ से पवन मिश्रा, मयंक कश्यप, अनुष्का मिश्रा, मंजू यादव एवं संजीव शर्मा भजनों का गुलदस्ता बाबा के चरणों में पेश करेंगे।

अनियमित जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रसित

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- खराब जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रसित

लखनऊ। दिल्ली-एन.सी.आर. में अग्रणी एवं उत्तर भारत में प्रमुख स्थान रखने वाले, नोएडा स्थित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान जेपी हॉस्पिटल, नोएडा ने प्रत्यारोपण चिकित्सा 1000 से अधिक सफल किडनी प्रत्यारोपण कर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और खास बात यह है कि पूरे दिल्ली एन.सी.आर. में जेपी हॉस्पिटल में अंगों का प्रत्यारोपण बहुत ही उचित कीमत पर किया जाता है दुनियाभर से आएं मरीजो का सफल किडनी प्रत्यारोपण कर विश्वास के साथ विदेश में भी हॉस्पिटल ने एक सम्मानजनक स्थान हासिल किया है। अपनी उपलब्धि पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए जेपी हॉस्पिटल के यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं कोर्डिनेटर डॉ. अमित के. देवड़ा ने कहा, भारत में हर साल करीब 12000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट हो रहे है और खराब जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रषित है। ट्रांसप्लांट एक सफल प्रक्रिया है और ट्रांसप्लांट की मदद से मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की जाती है लेकिन अभी भी यह देखा गया है की लोगों के बीच किडनी दान करने को लेकर जागरूकता की बहुत कमी है जिसके चलते बहुत लोग अपनी जान दांव पे लगा देते है। जब किडनी की कार्यक्षमता केवल 10 प्रतिशत रह जाती है तो उस अवस्था को किडनी फैल्योर कहते हैं और ऐसे में मरीजों के पास सिर्फ डायलिसिस या प्रत्यारोपण का ही रास्ता बच जाता है।

मरीजों को अब किडनी प्रत्यारोपण के लिए अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि जेपी हॉस्पिटल में किडनी प्रत्यारोपण बहुत अत्याधुनिक पद्धति से किया जा रहा है। इस पद्धति द्वारा दाता (डोनर) की किडनी को दूरबीन द्वारा शरीर से हटाया जाता है, जिसका सबसे अधिक लाभ यह होता है कि दाता (डोनर) को बहुत ही कम तकलीफहोती है और उसे हॉस्पिटल से जल्द छुट्टी मिल जाती है। इसके साथ ही यहां डोनर विथ मल्टीपल वैसल्स (किडनी में अधिक नसों का होना), बच्चों की किडनी का प्रत्यारोपण, अनमैच्ड ब्लड ग्रुप के बीच प्रत्यारोपण (ए.बी.ओ. इंकंपैटिबल) एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता में असंतुलन वाले मरीजों की किडनी का भी सफल प्रत्यारोपण किया गया है। स्थापित होने के कुछ ही वर्षों में जेपी हॉस्पिटल ने 1000 से अधिक किडनी का प्रत्यारोपण अपने आप में एक अनोखा रिकार्ड है। अत्याधुनिक तकनीक और कुशल डॉक्टर्स की टीम के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई है। खास बात यह है कि टीम ने क्रांस मैच्ड पॉजीटिव प्रत्यारोपण, ए.बी.ओ. इंकंपैटिबल ट्रांसप्लांटेशन के साथ एक रोगी का दूसरी या तीसरी बार भी सफल प्रत्यारोपण किया है।डॉ. अमित के. देवड़ा ने क्रोनिक किडनी फैल्योर के बारे में एक बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए कहा की , वर्तमान का चिकित्सकीय शोध यह बताता है कि किडनी की बीमारी के मुख्य कारणों में मधुमेह, रक्तचाप, नेफ्रैटिस, बिना चिकत्सक के सलाह के पैन किलर एवं अन्य दवाइयों का सेवन करना।

यूपी में दो लड़के फिर करेंगे मोदी का मुकाबला

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- लोकसभा चुनाव में रोमांचक होगा मुकाबला

लखनऊ। केंद्र की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है इसलिए देश के सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाले इस राज्य में हर राजनीतिक दल जीत के लिए ताकत झोंकने को तत्पर है। चुनावी जंग रोमांचक होगी। पहले उम्मीद थी कि यूपी के इस बार तीन लड़के एनडीए को टक्कर देने खातिर एक साथ होंगे लेकिन सियासत में पल भर का ठिकाना नहीं, जो लगातार दो दो चुनाव में सहयोगी थे,मोदी के एक छोटे से दांव से तीसरा पहलवान खुद मोदी की गोल में जा खड़ा हुआ। हां हम बात कर रहे हैं छोटे चौधरी यानि जयंत चौधरी की।

वे एनडीए के आज हिस्सेदार हैं और कहते हैं कि आए एनडीए सभी सीटों पर जीतेगा। एक तरफसत्तारूढ़ बीजेपी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और विकास परियोजनाओं के सहारे सभी 80 सीटों पर जीत का दावा कर रही है तो दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन इंडिया को सम्मानजनक लड़ाई की उम्मीद है।उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस टीएमसी इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव मैदान में है।उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सभी सात चरणों के तहत मतदान होगा, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून को समाप्त होगा। 2019 के चुनाव में राज्य की 80 लोकसभा सीटों में भाजपा ने 62 सीटों पर जीत हासिल की थी जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल अपना दल सोनेलाल दो सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था। कांग्रेस एकमात्र रायबरेली सीट पर जीत हासिल करने में सफल हुई थी, जबकि बहुजन समाज पार्टी ने 10, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने पांच सीटों पर जीत हासिल की थी। राष्ट्रीय लोकदल 2019 में खाता भी नहीं खोल सकी थी।

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को राज्य से अधिक उम्मीदें हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी इस बार भी वाराणसी से चुनाव मैदान में हैं, जहां काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास के क्षेत्र का पुनर्निर्माण सहित कई विकास परियोजनाएं शुरू हैं। भाजपा सूबे में मोदी की लोकप्रियता और हिंदुत्व के मुद्दे को भुनाने की तैयारी में है। राज्य के छोटे दलों के समर्थन से पार्टी को मजबूती मिल रही है। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सुभासपा की राजग में वापसी से भाजपा को पूर्वांचल क्षेत्र में मजबूती मिली है। राजभर को हाल ही में योगी आदित्यनाथ नेतृत्व की सरकार में मिनिस्टर भी बना दिया गया है।

सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए एक नया नारा पीडीए दिया है, जिसका मतलब पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन तीनों वर्गों के बड़ी संख्या में मतदाता हैं। मायावती किसी दल के साथ समझौता नहीं करेंगी,यह ऐलान वो कर चुकी हैं। भाजपा ने पिछड़े पसमांदा मुसलमानों को लक्षित करते हुए अल्पसंख्यकों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए हैं। तीन तलाक उन्मूलन को मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के प्रयास के रूप में पेश किया गया है। अब तक भाजपा की घोषित 51 उम्मीदवारों की पहली सूची में किसी मुस्लिम का नाम नहीं है।

भाजपा की सूची में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा प्रमुख उम्मीदवारों में लखनऊ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, अमेठी से स्मृति ईरानी, मथुरा से हेमा मालिनी और खीरी से अजय मिश्र टेनी शामिल है। कांग्रेस ने अभी तक अपने हिस्से की 17 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है। टीएमसी एक लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में है।

सपा 43 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुकी है। अब फाइनल हो गया है कि लोकसभा चुनाव में यूपी के दो लड़के मोदी से सियासी पिच पर दो दो हाथ करने जा रहे हैं। जीत हार तो मतदाता की मर्जी पर है लेकिन बीएसपी इंडिया गठबंधन की राह में रोड़े अटका सकती हैं।

बाल भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों के पुनर्वास के लिए स्टेकहोल्डर के साथ बनाई रणनीति

चर्चित रजानीति। संवाददाता

- बाल भिक्षावृति से जुड़े बच्चों के पुनर्वास के लिए हितग्राहियों के साथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण

लखनऊ। भीख मांगने के काम में जुड़े बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनर्वासित करने के लिए लखनऊ में हितग्राहियों (स्टेकहोल्डर) के साथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण कर रणनीति बनाई गयी कि कैसे इन बच्चों को भीख माँगना छुड़ाकर पुनर्वासित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके.व्यस्क भिक्षुकों के पुनर्वास के लिए लखनऊ में एक गैर सरकारी संगठन बदलाव बीते नौ सालों से काम कर रही है. इस संस्था के भिक्षावृति मुक्त अभियान के तहत अबतक 450 भिखारी भीख माँगना छोड़कर छोटे छोटे रोजगारों से जोड़ा गया।

इनमें से कई साथी अपने परिवार के साथ जुड़. बदलाव संस्था द्वारा करीब 1400 भिखारियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभांवित करवाया गया. संस्था के संस्थापक शरद पटेल ने बताया, ष्बीते नौ साल से काम करते हुए मैंने अनुभव किया कि भिक्षावृति में संलिप्त बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है. हमने इन बच्चों के साथ भी काम करने की कोशिश की पर बहुत सफलता मिली. मुझे लगा सरकारी विभाग और स्टेकहोल्डर के साथ मिलकर एक रणनीति बनाएं ताकि मिलकर इन बच्चों के पुनर्वास के लिए बेहतर प्रयास किये जा सकें. इसी दिशा में तीन दिन का यह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया.ष्बच्चों को भीख मांगने के काम से छुड़ाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण को आयोजित करने का सहयोग सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्रालय के राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा किया गया. जिसे बदलाव एवं बाल कल्याण समिति द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन लखनऊ के इन्दरानगर में स्थित पारिजात ट्रेनिंग सेंटर में किया गया. इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण 15 से 17 मार्च 2024 की शुरुआत मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग श्रीमती अनीता अग्रवाल,सदस्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर की.अनीता अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे आयोग का मिशन भी है कि बाल भिक्षा से जुड़े बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाए। जिस पर भिन्न-भिन्न संस्थाएँ काम कर रही हैं। हम सभी को लीडरशिप लेकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत हैं कि हम बच्चो को भीख न दें। जब जागरूकता बढ़ेगी तो धीरे-धीरे समाज में बदलाव दिखेगा। मैं बदलाव के कार्यों की सराहना करती हूँ, बदलाव की इस पहल में हमारा पूरा सहयोग रहेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भिक्षावृत्ती मे संलिप्त बच्चों को पुनर्वासित करने के लिए विधिक कानून, सरकार की कल्याणकारी स्कीम, गुड प्रैक्टिसेस पर विस्तृत प्रशिक्षित बातचीत हुई।

हिन्दी दैनिक चर्चित राजनीति
लखनऊ, सोमवार 18 मार्च, 2024
www.charchitrajnit.com

मन की एकाग्रता ही समग्र ज्ञान है, बल ही जीवन है और दुर्बलता मृत्यु, मौन, क्रोध की सर्वोत्तम चिकित्सा है, दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो, खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है : स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

ओटीटी पर चाबुक

ओवर द टॉक यानि ओटीटी प्लेटफार्म्स पर आजकल वैब सीरीज ने तहलका मचाया हुआ है। कुछ वैबसीरिज का कटेंट तो आम जिन्दगी से जुड़े विषयों पर आधारित है लेकिन अधिकतर वैबसीरीज तो केवल अश्लीलता, हिंसा और गाली-गलौच ही परोस रहे हैं। जिस तरह की सामग्री ओटीटी पर परोसी जा रही है उसे लेकर कई बार विवाद भी गहरे चुके हैं। कई वैबसीरीज धार्मिक भावनाओं को आहत करते दिखाई दे रहे हैं तो कई हिंसा और क्रूरता को प्रोत्साहित करते दिखाई दे रहे हैं। इस तरह का प्रस्तुतिकरण इसके समान है कि एक व्यक्ति एक रिहायशी कालोनी में इस आधर पर कचरा फैलाता है कि कालोनी में पहले से ही बहुत गन्दगी है। इंटरनेट पर अश्लील सामग्री की तो पहले ही बाढ़ है और अब ओटीटी दिन-रात अश्लीलता की गंदगी फैला रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी पर अश्लीलता परोस रहे 18 प्लेटफार्म्स को ब्लॉक कर दिया है। उनके सम्बन्धित 19 वैबसाइट, 10 एप और 57 सोशल मीडिया हैंडल पर भी कार्रवाई की गई है। यह एक्शन आईटी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व अधिनियम सहित कई कानूनों के उल्लंघन के आधार पर लिया गया है। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बार-बार क्रिएटिव लिबर्टी की आड़ में अश्लीलता, आपत्तिजनक और दुर्व्यवहार का प्रचार न करने के लिए प्लेटफार्म की जिम्मेदारी पर जोर देते रहे हैं। सरकार बार-बार यह कहती है कि आईटी नियम 2021 के तहत ओटीटी प्लेटफार्मों को स्व-नियमन यानि सैल्फरैगूलेशन पर जोर देना चाहिए लेकिन ओटीटी प्लेटफार्म्स सारी हदें पार कर रहे हैं। देश में फिल्मों के लिए सैंसर बोर्ड है लेकिन ओटीटी प्लेटफार्मों के पास स्ट्रीम की गई सामग्री कोघ् नियंत्रित करने के लिए कोई नियामक संस्था नहीं है। ओटीटी सेवाएं दर्शकों को सीधे इंटरनेट के माध्यम से प्रदान की जाती हैं और सरकार ऐसे प्लेटफार्म को माध्यम मानती है जहां वे अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं कर सकते। हालांकि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी कम्पनियों के लिएघ्दिशा-निर्देश जारी कर रखे हैं लेकिन वह भी ज्यादा ठोस नहीं लगते। पहले कानून की जरूरत महसूस नहीं होती थी लेकिन वर्तमान स्थिति में एक ऐसी संस्था की जरूरत महसूस की जा रही है जो ओटीटी प्लेटफार्मों द्वारा प्रदान की जाने वाली सामग्री को नियंत्रित करे। ब्रिटेन, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, तुर्की, सऊदी अरब और कुछ अन्य देशों में ओटीटी प्लेटफार्मों को किसी भी सार्वजनिक सेवा प्रसारक की तरह जांच का सामना करना पड़ता है। ओटीटी पर सैंसरशिप को लेकर समाज में भी अलग-अलग विचार सामने आते रहे हैं।एक सर्वेक्षण के अनुसार, 57 प्रतिशत लोग (लगभग 1005), ऑनलाइन स्ट्रीमिंग के लिए आंशिक सेंसरशिप का समर्थन करते हैं। उनका मानना है कि ऐसे प्लेटफॉर्म पर बहुत सारी आपत्तिजनक सामग्री यानी जनता के देखने के लिए अनुपयुक्त सामग्री डाली जाती है। सेंसरशिप का समर्थन करने वाले अधिकांश लोग 40 वर्ष से अधिक आयु के वयस्क हैं। हालांकि, इस तरह की सेंसरशिप के खिलाफ सबसे मजबूत तर्क यह है कि ओटीटी प्लेटफार्मों पर सामग्री सब्सक्रिप्शन ऑन डिमांड है, जहां दर्शकों के पास भुगतान करने और क्या देखना है यह चुनने का विकल्प होता है। इसके अलावा, फिल्मों की चोरी एक और कारक है जिसके कारण फिल्म निर्माता ओटीटी का रास्ता अपनाते हैं। बड़ी संख्या में ऐसे कलाकार हैं जिनके पास सिनेमा के माध्यम से अपने रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है, ओटीटी उनके लिए एक बड़ी सफलता के रूप में आया है। शायद यह मनोरंजक कहानी बनाने के लिए एक योग्य आधार प्रदान करता है और यही कारण है कि अधिकांश दर्शक ऐसे प्लेटफार्मों द्वारा प्रदान की जाने वाली सामग्री की ओर आकर्षित होते हैं। वे राजनीतिक दलों की भागीदारी से निडर हैं और इसलिए साहसिक आख्यान और कथानक प्रस्तुत करते हैं।

अनुभवी, परिपक्व, चिंतक समाज और देश के दिग्दर्शक, राष्ट्र की धरोहर

भारत देश वही देश है यहां की संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है। औद्योगिकरण और विसंस्कृतिकरण प्रणाली के फल स्वरुप युवा पीढ़ी के रहन-सहन एवं जीवन शैली में तीव्र बदलाव देखा जा रहा है। इस युग में व्यक्ति जितना अपने कार्यों में व्यस्त हो गया है कि उसको परिवार के साथ बैठने, रहने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती। भारत में बदलते परिवेश में ओल्ड एज होम की अवधारणा तेजी से बल पकड़ती जा रही है।

यह विडंबना है जब मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व, प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगनशीलता और परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं। यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि इस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन,व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है। वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है।

सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे-धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं। जो

व्यक्ति कुछ समय पहले तक महत्वपूर्ण था, विशिष्ट था वह अचानक ही बोझ समझा जाने लगता है। उसके मान सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है। भागदौड़ वाली इस जिंदगी में युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों से एक दूरी बनाना शुरु कर देती है और वह व्यक्ति अकेला ही रह जाता है। जब मनुष्य अपने को एकाकी समझने लगता है तो यह उसके जीवन का सर्वाधिक कठिन समय एवं पल होता है। आत्मविश्वास जनित प्रेरणा की कमी वृद्धावस्था को बोझिल बना देती है। व्यक्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, दूसरों पर निर्भरता बढ़ने लगती है। नई पीढ़ी द्वारा उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। यही परिस्थिति वृद्धा अवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह होती है।

वृद्धावस्था में मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक कष्ट के प्रमुख कारणों में से संयुक्त परिवार का विघटन भी है। युवा पीढ़ी द्वारा अपने मां-बाप से अलग होकर रहने की चाहत हमारे देश में एक गंभीर समस्या पैदा करती है। वृद्ध व्यक्ति या दंपत्ति को जिस आयु में पुत्र, पुत्रियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, ऐसे समय में पुत्र द्वारा उनकी देखभाल छोड़कर अलग रहने के लिए अलग मकान बनाना या किराए पर रहना, उस दंपत्ति या व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करती है। भारत देश वही देश है यहां की संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है। औद्योगिकरण और विसंस्कृतिकरण प्रणाली के फल स्वरुप युवा पीढ़ी के रहन-सहन एवं जीवन शैली में तीव्र बदलाव देखा जा रहा है। इस युग में व्यक्ति जितना अपने कार्यों में व्यस्त हो गया है कि उसको परिवार के साथ बैठने, रहने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती। भारत में बदलते परिवेश में ओल्ड एज होम की अवधारणा तेजी से बल पकड़ती जा रही है। नई पीढ़ी तरह पुरानी पीढ़ी के बीच एक तरह कम्युनिकेशन गैप भी आ जाता है, जो बुजुर्गों के लिए एक बड़ी समस्या होती है। बुजुर्ग दंपत्ति हो या व्यक्ति के पास जब तक धन रहता है तब तक उनके पुत्र, पुत्री उनका ख्याल रखते हैं और जब वह धनहीन हो जाते हैं, तो उन्हें नकार दिया जाता है ।यह एक बड़ी समस्या आज बुजुर्गों के सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी है। व्यक्ति को बुजुर्ग अवस्था में जब सबसे ज्यादा धन की आवश्यकता होती है तब उसके पास धन नहीं होता है। यह धन की कमी उपेक्षा का बड़ा कारण भी बनती है। युवा पीढ़ी का व्यक्तिगत स्वार्थ एवं धन के प्रति आकर्षण भी बुजुर्गों के प्रति प्रभाव तथा उपेक्षा का मूल कारण होता है। व्यक्ति का जब सर्वश्रेष्ठ काल होता है तब उपेक्षित और समस्या ग्रस्त होकर अवसाद ग्रस्त हो जाता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग वृद्धावस्था के बारे में लिखा है मेरे साथ रहो, रुको वृद्ध हो, अभी जीवन का सर्वोत्तम शेष है।

वृद्ध व्यक्ति भी मानव है, उसे भी संवेदना, सहानुभूति और प्यार की आवश्यकता होती है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें उनकी लगातार सेवा करनी चाहिए, उनके मार्गदर्शन उनका परामर्श परिवार तथा समाज के लिए जल कल्याणकारी होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनका आशीर्वाद उनकी शुभकामनाएं लोक मंगलकारी होती हैं यह माना जाता है कि बुजुर्ग का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद जैसा ही होता है। **:: एजेंसी**

सावधान! चुनाव आचार संहिता लागू है

निश्चित तौर पर विधानसभा का चुनाव उस राज्य की जनता का भविष्य तय करता है। जबकि लोकसभा का चुनाव पूरे देश के भविष्य की धुरी है। केन्द्र सरकार की नियत और योजनाओं का बड़ा असर ग्राम पंचायत, नगर पंचायत,जिला पंचायत एवं स्थानीय निकायों तक देखा जाता है। अब जबकि 47 दिनों की चुनाव प्रक्रिया का बिगुल आयोग ने बंजा दिया है। तो इतना तय है कि केवल राजनैतिक दल, सत्तासीन नेता, विपक्षी नेता, मंत्री से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का एक दायरा दय कर दिया गया है। क्योकि यह दौर अत्यानुधिक तकनीक और सोशल मीडिया का है। जगह जगह कैमरे, गांव गांव मोबाईल कैमरे होने के कारण आपकी एक छोटी सी गल्ती आपका जीवन तबाह कर सकती है। निश्चित तौर पर एक दूसरे को पटकनी देने के लिए मैदान में आने वाले दल भी इसी टोह में रहते है कि कब उसे विपक्षी की कोई आचार संहिता उल्लघन की वीडियों, फोटोज आदि मिल जाए और उस पर हमला कर सके। यही कारण है कि सरकारी मशीनरी के साथ और कई नजरे आपके आसपास तैनात रहती है।

ऐसी स्थिति में अगर आपसे एक चूक हुई तो इससे आपका भविष्य चौपट होना तय है। यही नही सोशल मीडिया के इस दौर में सत्तासीन दिग्गज नेता भी कई बार इसकी चपेट में आ चूके और उनका कैरियर खत्म हो गया। ऐसे हजारों उदाहरण है लेकिन लबोलुआब यह कि चुनाव आचार संहिता के दौरान यह समक्ष ले कि कोई न कोई आपका पीछा कर रहा है। राजनीतिक दल या नेता ही नहीं, अगर आम आदमी भी आचार संहिता का उल्ब्लंघन करता है तो उसे भी जेल की हवा खानी पड़ सकती है। यह जान ले कि चुनाव के दौरान सभी सरकारी कामकाज बंद नहीं होते हैं. लिहाजा, अगर कोई सरकारी अधिकारी आपके काम को करने से इनकार कर देता है। यह नियम है कि आपकी जिंदगी से जुड़े जरूरी काम आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी सूरत में बंद नहीं होंगे। लेकिन आयोग ने इसके अलावा कुछ काम काजों पर अवश्य रोक लगाई है। जैसे लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने पर प्रत्याशी ऐसा बयान नहीं दे सकते जिससे किसी व्यक्ति की शालीनता और नैतिकता का हनन होता हो। कोई भी प्रत्याशी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा कि जो आपसी घृणा पैदा करे और वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक आधार पर कोई अपील नहीं करेगा। सार्वजनिक या निजी स्थान पर सभा आयोजित करने, जुलूस निकालने और लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने से पहले स्थानीय पुलिस अधिकारियों से लिखित अनुमति लेना जरूरी है। यही नही इस दौरान आम आदमी द्वारा भी किसी तरह की धर्म विशेष को

राजनीतिक दल मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए अपनी गाड़ी की सुविधा भी नहीं दे सकते। मतदाता को अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए डरा या धमका नहीं सकते हैं। धार्मिक स्थलों का चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते। यही नही किसी सरकारी अधिकारी, कर्मी की ट्रांसफर नियुक्ति नहीं होगी। यदि तबादला करना बेहद जरूरी है तो चुनाव आयोग से स्वीकृति लेनी होगी। चुनाव कार्यों से जुड़े अधिकारी को किसी भी नेता या मंत्री से उसकी निजी यात्रा या आवास में मिलने की मनाही होगी।

भड़काने और किसी के सम्मान को ठेस पहुचाने वाली घटना सामने आती है तो इसके लिए स्थानीय पुलिस अलग अलग धारा के तहत कानूनी कार्रवाई करेगी। आचार संहित लागू होते ही राजनीतिक पार्टिया और प्रत्याशी रात 10.00 बजे से प्रातरू 6.00 बजे के बीच लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं कर सकते।किसी के घर पर उसकी अनुमति के बिना पोस्टर, बैनर या झंडा नहीं लगा सकता। राजनीतिक दल मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए अपनी गाड़ी की सुविधा भी नहीं दे सकते। मतदाता को अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए डरा या धमका नहीं सकते हैं। धार्मिक स्थलों का चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते। यही नही किसी सरकारी अधिकारी, कर्मी की ट्रांसफर नियुक्ति नहीं होगी। यदि तबादला करना बेहद जरूरी है तो चुनाव आयोग से स्वीकृति लेनी होगी। चुनाव कार्यों से जुड़े अधिकारी को किसी भी नेता या मंत्री से उसकी निजी यात्रा या आवास में मिलने की मनाही होगी। सरकारी भवनों में पीएम, सीएम, मंत्री, राजनीतिक व्यक्तियों के फोटो निषेध होंगे। सरकार की उपलब्धियों वाले प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और अन्य मीडिया में विज्ञापन नहीं दे सकेंगे। अब बॉत करें मंत्री-विधायक के बारे में तो चुनाव आयोग ने मुख्यमंत्री अपने जिला अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग नहीं कर सकते। सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अतिथि गृहों में ठहरने की व्यवस्था नहीं होगी। किसी भी रूप में किसी भी वित्तीय अनुदान की घोषणा नहीं करेंगे और न ही वादा करेंगे। किसी परियोजनाओं या योजनाओं की आधारशिला नहीं रखेंगे। सड़क बनवाने, पीने के पानी को लेकर काम शुरू करवाने का वादा भी नहीं कर सकते। मंत्री अपने आधिकारिक दौरे के समय चुनाव प्रचार नहीं कर सकते। प्रचार के लिए सरकारी गाड़ियों, विमानों या किसी दूसरे सुविधाओं का भी इस्तेमाल नहीं कर सकते। सरकारी खर्च पर चुनावी रैली या चुनाव प्रचार नहीं कर सकते।सरकारी वाहनों का इस्तेमाल सिर्फ अपने निवास से लेकर दफ्तर तक कर सकते हैं। सरकारी खर्चे पर कोई पार्टी या इफ्तार पार्टी का आयोजन नहीं कर सकते। सत्ताधारी पार्टी सरकारी पैसे से सरकार के काम का प्रचार-प्रसार नहीं कर सकती। विधायक या मंत्री अपने विकास फंड से कोई नई राशि नहीं जारी कर सकते। कोई भी नया सरकारी काम शुरू नहीं होगा। किसी नए काम के लिए टेंडर भी जारी नहीं होंगे। ध्यान रहे अगर कोई आम आदमी भी नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उस पर भी आदर्श आचार संहिता के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीधे शब्दों में कहें तो अगर आप अपने किसी नेता के प्रचार अभियान से जुड़े हैं तो आपको इन नियमों को लेकर जागरूक रहना होगा। अगर कोई राजनेता आपको इन नियमों के खिलाफकाम करने को कहता है तो आप उसे आचार संहिता के बारे में बताकर ऐसा करने से इनकार कर सकते हैं। अगर आपने आचार संहिता का उल्ब्लंघन करने वाला कोई भी काम किया तो आपके खिलाफतत्काल कार्रवाई की जाएगी। ज्यादातर मामलों में आपको हिरासत में लिया जा सकता है। **:: एजेंसी**

मैं निठल्ला नहीं बैठा हूं

देखिए जनाब! मुझ पर आप लाख तरह के आरोप लगा सकते हैं, लेकिन यह आरोप बिल्कुल नहीं लगा सकते कि मैं कुछ कर्ता-धर्ता नहीं हूं और निठल्ला बैठा सरकार की सब्सिडी खाता रहता हूं। ऐसा आरोप मैं बिल्कुल नहीं सुन सकता। पचास-साठ लोग एक साथ मिलकर कहें तो भी नहीं सुन सकता। पहली बात तो यह है कि मेरे सारे खाते सील हैं। उनमें सब्सिडी आ ही नहीं

सकती। दूसरा, मेरे पास सब्सिडी खाने की फुर्सत ही नहीं है। मैं दिन-रात व्यस्त ही बहुत रहता हूं और ऊपर से आप यह तोहमत लगा रहे हैं कि मैं निठल्ले बैठा रहता हूं। ऐसा भला हो भी कैसे सकता है? जिस तरह देश आजाद होने के बाद से लीडर लोग निठल्ले नहीं बैठे हैं, धर्म के ठेकेदार निठल्ले नहीं बैठे हैं, कबूतरबाज निठल्ले नहीं बैठे हैं, जमाखोर निठल्ले नहीं बैठे हैं, कुछ न कुछ कर ही रहे हैं, उसी तरह मैं भी निठल्ले थोड़ी बैठा हूं। कोई शक है तो मेरी आउटपुट देख लो। जब से इस दुनिया में आया हूं, कुछ न कुछ कर ही रहा हूं। चाहो तो थानों का रिकॉर्ड चेक कर लो। विजिलेंस वालों से पूछ लो।

गुंडों, बाहुबलियों से पुष्टि करवा लो। छत्तीस सौ मामले मेरे खिलाफ चल रहे हैं। पचासों एफआईआर दर्ज हैं। दर्जनों घोटाले किए हैं। छेड़खानी के मामले अलग से हैं। यहां तक कि सरकारी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने में भी कहीं कोई कसर बाकी नहीं रखी। आम आदमी से पूछ कर देख लो। वह ही आपको बता देगा कि हमने डंके की चोट पर फलां फलां की जमीन पर अवैध कब्जे कर रखे हैं और फलां फलां को झूठे मामलों में अंदर करवा रखा है। इतने सारे काम निठल्ले बैठकर थोड़ी हो सकते हैं। कमाल है। फिर भी आप मुझ पर शक कर रहे हैं कि मैं निठल्ला बैठा हूं। कुछ कर नहीं रहा। क्या जो मैंने अब तक किया, वह किसी काम की श्रेणी में नहीं आता? क्या निठल्ला आदमी इतने काम कर सकता है? क्या पुलिस और लीडरों से सेटिंग निठल्ले बैठे हो जाती है!

अगर पुलिस और लीडरों को कोई काम नहीं है तो इसका मतलब यह थोड़ी है कि मुझे भी कोई काम नहीं है! अपनी फैक्टरी में जो नकली खाद तैयार करता हूं, क्या वह कोई काम नहीं है? अपने बेटे के नाम पर चली दूसरी फैक्टरी में जो नकली दवाई तैयार करता हूं, तो क्या वह कोई काम नहीं है? क्या दोनों फैक्टरियां ऐसे ही चल रही हैं? अगर मैं निठल्ला होता तो घर में इतने नौकर चाकर कहां से होते? पत्नी की उंगलियों में इतनी रत्नजड़ित अंगूठियां कहां से आती! बाहुबली मेरे अंग संग क्यों रहते? उनके खर्चे मैं कहां से पूरे करता! विदेशी बैंकों में मेरे लॉकर कहां से होते? होटलों और क्लबों में जाकर इंजॉय कैसे करता? देसी और विदेशी सुंदरियां मेरी संगत क्यों करती? अधिकारी लोग मेरे घर में महंगे महंगे गिफ्ट लेकर क्यों आते! इतने सारे काम मैंने शुरू कर रखे हैं कि मैं निठल्ला बैठ ही नहीं सकता। अगर बैठ गया तो विरोधी कल को मेरे यहां रेड करवा देंगे। मुझे ऐसी असंवैधानिक चीजों से बहुत डर लगता है। मैं इनसे बचने की योजनाएं हर वक्त बनाता रहता हूं। निठल्ला तो बिल्कुल नहीं बैठता। लेकिन मेरे पास तो गप्पें मारने की भी फुर्सत नहीं है। इतने लोग सलाह लेने आते हैं कि कोरी गप्प मार कर अपना कीमती समय बर्बाद करने का टाइम ही नहीं मिलता।

इतना बिजी हूं कि मुझे तो भगवान का नाम लेने का भी टाइम नहीं मिलता। सुबह उठते ही भगवान से क्षमा याचना करके कह देता हूं कि मेरी व्यस्तताओं को समझें और फिजूल में बुरा न मानें। भगवान को भी मालूम है कि मैं कभी निठल्ला नहीं बैठता। देश हित में कुछ न कुछ करके अपना हित साधता ही रहता हूं। कोई और काम न हो तो समाज सेवा कर लेता हूं। क्या समाज सेवा निठल्ले आदमियों के बस की बात है? फिर भी आपको शक है तो एक बात बताओ। अगर मैं निठल्ला बैठा हूं तो आपकी जड़ों में मट्ठा कौन डाल रहा है?

चुनावी चन्दे का गोरख धंधा!

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2018 की चुनावी बांड स्कीम को गैर कानूनी करार दिये जाने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह पैदा हो रहा है कि इस योजना का लाभ देश के लगभग सभी बड़े राजनैतिक दलों ने उठाया और चुनावी चन्दा विवादास्पद कम्पनियों से लिया? बेशक कुल चुनावी चन्दे का सबसे बड़ा भाग सत्ताधारी भाजपा के खाते में गया परन्तु अन्य राजनैतिक दलों ने भी चन्दा लेने से गुरेज नहीं किया। सर्वोच्च न्यायालय ने इस स्कीम को असंवैधानिक घोषित करने के बाद यह आदेश भी दिया था कि चुनावी बांड जारी करने वाले स्टेट बैंक को सभी बांड प्राप्तकर्ताओं तथा उन्हें खरीदने वालों की सूची भी जारी करनी चाहिए।

काफी हील- हुज्जत के बाद और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कड़ा रुख अपनाये जाने के बाद बैंक ने यह सूची भी जारी कर दी परन्तु यह जानकारी छिपा ली कि कुल बांड धनराशि में से किस कम्पनी के कितने बांड किस राजनैतिक दल को दिये गये। अब यह जानकारी भी स्टेट बैंक आगामी सोमवार तक उपलब्ध करा देगा जिसे न्यायालय के आदेशानुसार चुनाव आयोग सार्वजनिक कर देगा। अभी तक जो जानकारी उपलब्ध हुई है उसके अनुसार 2018 में संसद में कानून बना कर लागू की गई चुनावी बांड स्कीम के तहत अप्रैल 2019 से फरवरी 2014 तक कुल 12, 156 करोड़ रुपये के बांड राजनैतिक दलों ने भुनाये जिन्हें 1300 से अधिक कम्पनियों ने स्टेट बैंक से खरीदा था। इन

जब अपने बजट भाषण के दौरान चुनावी बांड स्कीम को समाहित करते हुए स्व. वित्तमन्त्री अरुण जेतली लाये थे तो तभी यह स्पष्ट था कि इसके पीछे चुनावी चन्दे को अंधेरे में रखने की रणनीति छिपी हुई है क्योंकि इसमें दानदाता के नाम का खुलासा करने का कोई प्रावधान नहीं था। उस समय संसद में विपक्षी दलों ने इसका विरोध भी किया था मगर बाद में वे खुद भी इस स्कीम में शरीक हो गये।

कम्पनियों ने ये बांड खरीद कर अपनी मनपसन्द राजनैतिक पार्टियों को दिये। इनमें सर्वाधिक आधी के लगभग 6060 करोड़ की धनराशि के बांड भारतीय जनता पार्टी के पास गये जबकि दूसरे नम्बर पर प. बंगाल की ममता दीदी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी रही जिसे 1609 करोड़ के बांड मिले। तीसरे नम्बर पर कांग्रेस पार्टी 1422 करोड़ के बांड पाकर रही। चौथे नम्बर पर तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति (1215करोड़ रु.) व पांचवें नम्बर पर ओडिशा की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल (775 करोड़ रु.) प्राप्त कर रही। बांड खरीदने वाली 1300 कम्पनियों में सर्वाधिक बांड चुनीन्दा बीस कम्पनियों ने खरीदे। इनमें सबसे ऊपर लाटरी का कारोबार करने वाली तमिलनाडु की फ्यूचर गेमिंग व होटल सर्विसेज प्रा. लि. कम्पनी रही जिसने कुल 1368 करोड़ रुपए के बांड खरीदे। दूसरे नम्बर पर हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग (966 करोड़ रु.), तीसरे नम्बर पर क्विक सप्लाई चेन (410 करोड़ रु.), चौथे नम्बर पर हल्दिया इंजीनियरिंग (377 करोड़ रु.), पांचवें नम्बर पर वेदान्ता लि. (376 करोड़ रु.), छठे नम्बर पर एस्सल माइनिंग (225 करोड़ रु.), सातवें वेस्टर्न यूपी पावर (220 करोड़ रु.), आठवें नम्बर पर भारती एयर टेल (198 करोड़ रु.), नौवें मन्बर पर केवेन्डर फूड पार्क (195 करोड़ रु.) व दसवें नम्बर पर एम.के.जे.एंटर प्राइजेस (192) करोड़ रु.) रही। इन प्रथम दस कम्पनियों में से अधिसंख्य के खिलाफआरोप लग रहा है कि इन्होंने प्रवर्तन निदेशालय व आयकर विभाग व सीबीआई के छापों के डर की वजह से चुनावी बांड खरीद कर भाजपा व अन्य दलों को चन्दा दिया। इनमें से कुछ के बारे में जो तथ्य प्रकाश में आ रहे हैं वे बता रहे हैं कि कुछ ने तो छापा पड़ जाने के बाद चुनावी बांड खरीदे। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि ऐसा इन कम्पनियों ने अपने खिलाफदर्ज मामलों को रफा-दफा करने के लिए किया। अब सवाल यह है कि यदि यह सच है तो इन कम्पनियों ने विपक्षी पार्टियों को चन्दा क्यों दिया क्योंकि कुल 12सौ करोड़ रु. के बांडों में से 600 करोड़ रु. के बांड विपक्षी दलों के खातों में ही गये हैं? दूसरा सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि यदि प्रवर्तन निदेशालय या आयकर विभाग ने ऐसी कम्पनियों की कुछ सम्पत्ति को अनियमतताओं के चलते जब्त किया तो उनके द्वारा दान दिया गया चुनावी चन्दा भी दागी रकम में तब्दील नहीं हो गया जिसमें सभी दलों की हिस्सेदारी है? इस प्रकार पूरे कुएं में ही भांग डाल कर ऐसी कम्पनियों ने उसका पानी सभी राजनैतिक दलों को पिला दिया। अतः एक-दूसरे पर आरोप लगाने का क्या औचित्य बन सकता है। तीसरा सवाल यह भी है कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बांड स्कीम को असंवैधानिक घोषित कर दिया था तो विपक्षी दलों ने अपनी तरफसे ही चन्दा देने वाली कम्पनियों के नामों का खुलासा क्यों नहीं किया जिससे वे जनता की नजर में पाक-साफबने रहने का उपक्रम कर सकती थीं ? सवाल और भी बहुत बड़े-बड़े हैं। **:: चर्चित डेस्क**

आज का राशिफल

मेषः- हर क्षेत्र में अड़चन व संघर्ष से मन परेशान होगा। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। नेतृत्व की अदभुत क्षमता व कुशल नियोजन से रचनात्मक कायरे को कुशलता से पूर्ण करेंगे।

वृषभः- नयी योजनाओं को अंजाम देने के लिए उच्च मनोबल के साथ तत्पर होंगे। अपनी भावुकता पर नियंत्रण रखें, अन्यथा भावनात्मक शोषण के शिकार हो सकते हैं। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

मिथुनः- रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। कोई इच्छित कार्य की पूर्ति अपेक्षित है। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण सुखद होगा। समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी।

कर्कः- सगे-संबंधियों में बड़पन व त्याग के परिचायक बनें। नये कार्यो में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक हो सकता है। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। रचनात्मक व सामाजिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी।

सिंहः- शासन-सत्ता का लाभ प्राप्त होगा। पूर्वाग्रहवश दूसरों की आलोचना करना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के परिणाम के प्रति जिज्ञासा प्रबल होगी। घर में खुशहाली रहेगी।

कन्याः- नये कार्य की तलाश जारी रहेगी। स्वास्थ्य व परिवार दोनों को लेकर मन परेशान होगा। दूसरों में कमियां निकालने के बजाय स्वयं को सुधारें। नई आशंकाएं मन को परेशान कर सकती हैं।

तुलाः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई युक्तियां आएंगी।

वृश्चिकः- भौतिक आकांक्षाएं मन प्रभावी होंगी। नई रुचि नये व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक

रामोत्सव कार्यक्रम गांव गांव करेगा विहिप, राम-राम से गूंजेगा हरदोई

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। विश्व हिन्दू परिषद की जिला योजना बैठक सम्पन्न हुई बैठक में अवध प्रान्त के सहमंत्री अविनाश ने कहा कि विहिप अपने आगामी रामोत्सव कार्यक्रम गांव गांव पर भव्यता के साथ मनाएगा।

राम लला विराजमान के बाद से हरदोई जिले में एक अलग ही राममय वातावरण है अपने षष्ठी पूर्ति वर्ष के अंतर्गत देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी। उन्होंने कहा, संकल्प की सिद्धि का सुखद आनंद सभी ध्येय निष्ठ कार्यकर्ताओं के हृदय को स्वाभिमान और गर्व से अलंकृत कर रहा है। यहाँ आयोजित यह षष्ठी पूर्ति वर्ष की बैठक संगठन कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का संचार करने के साथ आगामी रामोत्सव कार्यक्रम, प्रशिक्षण वर्ग, आगामी चुनाव पर योजना बनी।विहिप जिले के विभिन्न स्थानों पर संगठन विस्तार करने की योजना बनी वहीं देश में चल रहे देश विरोधी षड़यंत्र,जनसंख्या असंतुलन और बढ़ रहे लवजेहाद तथा ईसाई मिशनरियों द्वारा अवैध रूप से चलाये जा रहे धर्मांतरण जैसी गंभीर साजिशों पर कार्य योजना बनाने पर भी विचार हुआ। जिलाध्यक्ष आशीष महेश्वरी जी ने बताया कि प्रत्येक वर्षो की भांति ही इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद सहित उसके अनुसांगिक संगठनों बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा। वर्ग में हजारों हिन्दू युवा सहभागी बनकर राष्ट्रोत्थान में संकल्पित होंगे। उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा घोषित किये गये सी. ए. ए. कानून के अंतर्गत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हुये निर्वासित हिन्दू,जैन, बौद्ध सिख समाज के लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिये विहिप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे रहेगी व हमें अपने मताधिकार तथा मतदान के कर्तव्य को अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए एवं सही दिशा में नौजवानों को आगे बढ़ना चाहिए।

इस बैठक में जिलाकार्यध्यक्ष मोहित जिला उपाध्यक्ष सीतू , हिमांशु ,जिला सह मंत्री रवि , राहुल, नागेंद्र, जिला सत्संग प्रमुख संजेश, जिला संयोजक ऋषभ, सहित पूर्ण जिला कार्यकारिणी एवं सभी प्रखंडों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा नेता ने ब्लॉक कर्मचारियों पर लगाए गम्भीर आरोप

चर्चित राजनीति। संवाददाता

गोण्डा। सरकारी कार्यों के भुगतान के नाम पर ब्लॉक में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 10,20,30 पर्सेंट कमीशन की मांग की जा रही है। 20 से 25 ग्राम प्रधानों द्वारा कमीशन दिए जाने के बाद भी उनके ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का भुगतान कर्मचारियों द्वारा नहीं किया गया है। जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता और जिला पंचायत सदस्य ने सीएम योगी आदित्यनाथ, कमिश्नर देवी पाटन मंडल और जिलाधिकारी गोंडा को शिकायती पत्र देकर के ब्लॉक में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाया है।

जिला पंचायत सदस्य द्वारा की गई शिकायत पर गोंडा जिला अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी गोंडा को जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। वजीरगंज विकासखंड अंतर्गत 5 ग्राम पंचायत में 4 माह पूर्व निर्मित अन्नपूर्णा दुकानों का उद्घाटन बीते दोनों सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया था। लेकिन निर्माण कार्य का भुगतान अभी तक वजीरगंज विकासखंड में तैनात शिवचंद और अरविंद द्वारा नहीं किया जा रहा है। भुगतान के नाम पर इन दोनों लोगों द्वारा ग्राम प्रधानों से 10: कमिशन की मांग की जा रही है कमीशन ना देने पर अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। जिसको लेकर के जिला पंचायत सदस्य रामपुर खरहटा अमरीश दत्त सिंह ने सीएम योगी, गोंडा जिला अधिकारी नेहा शर्मा और कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा को पत्र लिखकर के आरोप लगाया है। कि ग्राम पंचायत रामपुर खरहटा में चार माह पूर्व अन्नपूर्णा दुकान का निर्माण हुआ था जिसका उद्घाटन भी हो गया। लेकिन वजीरगंज विकासखंड में तैनात कर्मचारी शिवचंद व अरविंद द्वारा निर्माण का भुगतान नहीं किया जा रहा है। यह दोनों कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त है बिना मोटा कमीशन दिए यह लोग भुगतान नहीं कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

चार सौ पार का संकल्प बनेगा हकीकत : सांसद

हरदोई, चसं। सांसद जयप्रकाश ने अपने हरदोई संसदीय क्षेत्र की सदर विधानसभा के अंतर्गत विकास खंड अहिरोरी के ग्राम टिकरा, मदारा,मंगलीपुरवा में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के लाभार्थियों से जनसम्पर्क किया। उन्होंने गाँव वालो की समस्याओं को जानने का प्रयास किया। उन्होंने सभी से अपील की कि कमल के फूल पर बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत से विजय बनाये। जन आशीर्वाद से चार सौ पार के संकल्प हकीकत बनेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह,मंडल महामंत्री नीरज सिंह, धनंजय सिंह, प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह, अमित वर्मा, प्रधान सुशील वर्मा,दिनेश पाल, मुन्ना वर्मा,धीरेन्द्र सिंह, अनिल सिंह सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जिलाधिकारी को मतदाता सूची प्रबंधन में प्रशस्ति पत्र

हरदोई, चसं। निर्वाचन आयोग की ओर से जनपद हरदोई के जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को मतदाता सूची प्रबंधन में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जनपद को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि को आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने जनपद वासियों के साथ साझा किया।

उन्होंने कहा कि जनपद वासियों की जागरूकता से जेन्डर रेशियो बढ़कर 910 हो गया है। युवा मतदाताओं की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि के लिए अपनी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से जनपद को यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने उपस्थित पत्रकार बंधुओ से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के सुझाव लिए। अच्छे मतदान प्रतिशत वाले लेखपालों व ग्राम पंचायत अधिकारियों को सम्मानित करने का सुझाव भी बैठक में रखा गया। इस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक जवाब दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर हरपालपुर पुलिस ने कस्बे में किया फ्लैग मार्च

हरपालपुर/हरदोई, चसं। चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है,जिसको लेकर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट हो गया है। हरपालपुर पुलिस ने रविवार की देर शाम कस्बे में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट है।रविवार की देर शाम हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया है। वहीं सड़क पर व्यापारियों के द्वारा फैलाया गए अतिक्रमण को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। अतिक्रमण सड़क पर न फैलाने की हिदायत दी है। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया है कि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराया जाएगा। अराजक तत्वों के द्वारा माहौल बिगाडने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव की घोषणा होते ही सख्त हुआ प्रशासन

हरदोई, चसं। लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र उप जिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भास्कर, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, क्षेत्राधिकारी शाहाबाद मय थाना फोर्स तथा मय पैरामिलिट्री फोर्स के साथ शाहाबाद कोतवाली से सदर बाजार चौक,बालाजी मंदिर,जामा मस्जिद से सिनेमा चौराहा होते हुए मौलागंज आदि में फ्लैग मार्च व क्रिटिकल मतदान केंद्र व बरनेवाल मतदान केंद्रो पर एरिया डोमिनेशन किया गया, साथ ही लोगों से अपील की गई कि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखे।

रेलवे ट्रैक पर मिले युवक-युवती के संदिग्ध शव, प्रेम-प्रसंग की लगाई जा रहीं अटकलें

कछौना (हरदोई), चसं। कोतवाली क्षेत्र के सुजानपुर रेलवे फाटक व पूरा रेलवे फाटक के मध्य रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव व युवती का क्षत-विक्षत शव मिला है। मृतकों की उम्र लगभग 22 से 25 वर्ष के मध्य है। युवक की पहचान इंद्रजीत पुत्र संतराम निवासी टेउना खुर्द थाना बेनीगंज के रूप में हुई। युवती की पहचान अभी नहीं हो सकी है। मौके पर मौजूद पुलिस शवों की कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल में लगी है। प्रेम-प्रसंग का मामला प्रतीत हो रहा है।

युवक और युवती ने की आत्हत्या

कछौना, हरदोई, चसं। कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत हरदोई लखनऊ रेलवे ट्रैक पर शनिवार की सुबह आप लाइन पर अवध आसाम ट्रेन के आगे एक युवक व एक युवती ने कूद कर आत्महत्या कर ली। इस घटना की सूचना पर परिजनों के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। इस घटना को लेकर अलग-अलग तरह की अटकलें चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह एक युवक व एक युवती ने रविवार की सुबह रेलवे ट्रैक आप लाइन पर अवध आसाम ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। रेलवे स्टेशन मास्टर के मेमो द्वारा सूचना कोतवाली कछौना को दी गई। कोतवाली कछौना की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। रेलवे ट्रैक के अप लाइन पर कछौना पुलिस ने शव को रेलवे से हटवा कर जांच की। युवक की जेब से आधार कार्ड निकला। उसके आधार पर युवक की पहचान इंद्रजीत पुत्र संतराम उम्र 22 वर्ष निवासी त्यौंना खुर्द थाना बेनीगंज के रूप में हुई। पास में बोलोरो गाड़ी भी खड़ी थी। थोड़ी देर में पूरे क्षेत्र में युवक युवती के ट्रेन के आगे खुद कर आत्महत्या करने की खबर फैल गई। मृतक युवक बचपन से थाना क्षेत्र कछौना के ग्राम दुबघटिया मजरा गौहानी में अपने जीजा राम नरेश के यहां रहता था। वहीं से पढ़ाई करता था। वर्तमान समय में जेपी वर्मा साइंस महाविद्यालय कहली में डी-फार्मा की पढ़ाई कर रहा था। ग्रामीणों के अनुसार जीजा की बहन कलावती की लड़की सरिता पुत्री कल्लू निवासी समसपुर से प्रेम प्रसंग हो गया। रामनरेश ने भांजी के विवाह हेतु बात की थी। लड़की सरिता जनता इंटर कॉलेज कछौना में इण्टर की छात्रा थी। इसी उधेड़-बुन में दोनों रहने लगे। भविष्य में दोनों ने न मिल पाने की संभावना से आहत आकर भावावेश में रविवार की को इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी बघौली विनोद कुमार दुबे ने पहुंचकर सभी बिंदुओं की जांच की।

रिश्वत और निर्वाचकों को डराने व धमकाने पर टोल फ्री नंबर पर करें सूचित करें

हरदोई, चसं। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार, कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई परितोष देता है या लेता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंड संहिता की धारा 171ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक, या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है। उड़न दस्ते, रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनों के विरूद्ध मामले दर्ज करने के लिए और ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए गठित किए गए हैं जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त हैं। सभी नागरिकों से एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे कोई रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति कोई रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने/धमकाने के मामलों की जानकारी है तो उन्हें शिकायत प्राप्त करने के प्रकोष्ठ के टोल फ्री नंबर 1950 पर सूचित करना चाहिए ।

शिप्रा ने मोहन भागवत को राम वन गमन मार्ग की नदियों का पवित्र जल किया भेंट

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत एवम पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी से की मुलाकात

सुलतानपुर। सरयू से सागर तक जाने वाली राम जानकी वन गमन पथ की भारत की प्रथम पद यात्री वाटर वूमन शिप्रा पाठक आज नागपुर पहुंची।आपको बताते चलें शिप्रा पाठक ने 27 नवंबर को राम नगरी अयोध्या से अपनी राम जानकी पद यात्रा प्रारंभ की थी जो राम नाम के संकल्प के साथ उतर प्रदेश,मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,महाराष्ट्र,कर्नाटक में पड़ने वाले राम वन गमन पद चिन्ह के साथ साथ चलकर 11 मार्च को रामेश्वरम पहुंची।

शिप्रा ने वन मार्ग में पड़ने वाली विभिन्न प्रमुख नदियों के जल से रामेश्वरम भगवान का जलाभिषेक कर नदियों की स्वच्छता के लिए प्रार्थना की।शिप्रा पाठक की पद यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को भविष्य में होने वाले जल संकट से बचाने हेतु अध्यात्म जागरण से पर्यावरण जागरण का है। वाटर वूमन शिप्रा पाठक ने आज नागपुर पहुंच सकुशल यात्रा सम्पन्न होने पर सर्वप्रथम राष्ट्र की अमूल्य धरोहर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मुख्यालय पहुंच परम पूज्य डॉक्टर केशवराव हेडगेवार जी को प्रणाम लिया। आपको बताते चलें पद यात्रा के दौरान भी यहाँ जाते हुए भी शिप्रा ने यहाँ आशीर्वाद लिया था।इसके उपरांत उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत एवम पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी से अध्यात्मिक भेंट की। इस दौरान उन्होंने सरसंघचालक मोहन भागवत और भैया जोशी का आशीर्वाद लेकर आध्यात्मिक चर्चा कर उन्हें दर्जनों नदियों का जल प्राचीन शिवालय के जलाभिषेक हेतु भेंट किया।भैया जोशी ने शिप्रा के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें सकुशल यात्रा सम्पन्न होने पर बधाई दी।शिप्रा पाठक ने तत्पश्चात सड़क परिवहन एवम् जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर नदी संरक्षण हेतु पर्यावरण के लिए किए जा रहे पंचतत्त्व के कार्यों से उन्हें अवगत कराया। शिप्रा ने ये निवेदन किया कि सड़क बनते हुए पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाये ताकि वृक्षों की हानि ना हो। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने शिप्रा को अपनी पुस्तक ष्अनमास्किंग इंडियाष् भेंट की।इसके बाद नागपुर शहर में एक आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए शिप्रा ने कहा आने वाले दिनों में होने वाले जल संकट से भारत को बचाने के लिए नदी,जल,जंगल,पहाड़,वृक्षों को बचाना होगा।उन्होंने कहा अपनी इस पद यात्रा में उन्होंने देखा भगवान राम ने भी अपने वन गमन मार्ग में मुख्य नदियों,पहाड़ों,जंगलों को स्पर्श कर इन्हें पूज्यनीय बताया।शिप्रा ने कहा आज की जागरूकता हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगी।उन्होंने कहा सरकार के ऊपर जिम्मेदारियां थोप कर हम बच नही सकते।इसके लिए हम सभी को जल के महत्त्व और संरक्षण को आपस में मिलकर एक दूसरे को समझाना होगा।उन्होंने कहा कृत्रिम उर्वरक का कम से कम उपयोग करें।अपनी जमीन की जांच कराकर उसे उतना ही पोषण दें जितने की जरूरत हो।शिप्रा ने 3952 किमी की पद यात्रा के दौरान जगह जगह संवाद करके युवा पीढ़ी को राम जानकी के चरित्र को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हुए कहा जानकी माता ने सदैव अपने कुल,मर्यादा,स्वाभिमान को सर्वोपरि रखा इसके लिए उन्होंने अयोध्या का यश वैभव छोड़ भगवान राम के साथ बनवास जाना चुना।शिप्रा ने राम जानकी वन मार्ग में लगभग दो दर्जन से ज्यादा राम जानकी वाटिका लगाने की भी संरचना की है जिसमें विलुप्त होती हुई औषधीय पौधे रोपित किए जायेंगे।शिप्रा पाठक की यह पद यात्रा भारत में किसी मातृ शक्ति द्वारा अयोध्या से रामेश्वरम तक 3952 किमी की दूरी पैदल नापने वाली पहली यात्रा है।इस यात्रा के माध्यम से शिप्रा को कई रामायणकालीन अनुकूल अनुभूतियां भी हुई है जिसका लेखन कर राष्ट्र हित में अपनी पुस्तक लिखकर राष्ट्र को समर्पित करेंगी।अपनी इस अदभुत यात्रा से पहले शिप्रा नर्मदा नदी की 3600 किमी की पद यात्रा कर नदी किनारे कई लाख पौधे रोपित कर चुकीं हैं।उत्तर प्रदेश की गोमती नदी की पद यात्रा करने वाली शिप्रा पाठक भारत की पहली मातृ शक्ति हैं।शिप्रा का कहना है जल संकट को दूर करने कर लिए सर्व प्रथम नदियों को बचाना होगा।नदी किनारे सरिया सीमेंट बजरी निर्माण बिलकुल बंद करना होगा।नदी के प्राकृतिक जल श्रोत खोलकर नदियों की अविरल धारा बहाने हेतु कार्य करना होगा।नदियों में प्रवाहित होने वाले रसायनिक तत्व बंद करने होंगे।

योगी पर आपत्तिजनक पोस्ट, आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, चसं। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की आपत्तिजनक फोटो बनाकर इंटरनेट पर पोस्ट करने वाले युवक पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। दरियाबाद के बन्नेतले मुहल्ला निवासी मुन्ना गाजी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक बनाकर अपने फेसबुक एकाउंट से प्रसारित कर दिया। यह फोटो देखते ही नगर के लोगों में आक्रोश बढ़ गया, जिसकी शिकायत चौकी पुलिस से की गई। बताया जा रहा है कि फोटो के साथ उसमें गाना लगाया गया था। चौकी प्रभारी कस्बा लालजी यादव की तहरीर पर मुकदमा लिखा गया। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

पुलिस की पिटाई से मौत का आरोप

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। स्थानीय पुलिस के दो सिपाहियों पर मारपीट के दौरान आई गंभीर चोटों से युवक की मौत होने का आरोप लगाकर परिजनों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमला देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम कमलापुर मजरा अरूआ ने मुख्यमंत्री जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र नीरज शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर था तथा दवा के सहारे जीवन यापन करता था उसके पुत्र पर गांव की ही मीना पत्नी महिपाल ने बीती छः मार्च को थाने में प्रार्थना पत्र दिया था जिसको लेकर स्थानीय थाने के दो सिपाही वंशराज सिंह व अंशुल सिंह पकड़ने आए इस दौरान मारपीट करते हुए उसे थाने ले गए जहां उसे थाने में भी मारा पीटा हालत गंभीर होने पर उसी दिन शाम को छोड़ दिया।

परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में इलाज शुरू कराया। पीड़िता के पुत्र नीरज ने उपरोक्त पुलिस कर्मियों के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत भी की,बीती 13 मार्च को की थी इस दौरान बीते गुरुवार को नीरज की मृत्यु हो गई परिजनों की माने तो दोनो पुलिस कर्मियों की पिटाई से उसके पुत्र की मौत हुई है वह पोस्टमार्टम कराना चाहते थे लेकिन स्थानीय पुलिसकर्मियों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने दिया जैसे तैसे दफन करा दिया। मृतक की मां कमला देवी अपने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री पुलिस अधीक्षक जिला अधिकारी समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर दोषी पुलिस कर्मियों व मीना देवी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।वही पूरे मामले को लेकर जिलाधिकारी ने मृतक को खुदवा कर पोस्टमार्टम के लिए आदेश दिया।

रोली वर्मा ने कांस्य पदक लाकर जिले का नाम किया रोशन

चर्चित राजनीति। संवाददाता

शाहजहांपुर। हिमाचल प्रदेश के शहर नगरोटा बगवां में 16 मार्च को अस्मिता खेलो इंडिया इंटर जोनल वूमेन वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप 45 किलोग्राम भार वर्ग यूथ का आयोजन हुआ, जिसमें कोच दीपक वर्मा के नेतृत्व में जनपद शाहजहांपुर के विकास खंड सिधौली के गांव महाऊ दुर्ग की बेटी रोली वर्मा पुत्री अजय पाल वर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त कर जनपद सहित उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

रोली वर्मा कम संसाधनों के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारती। वह अपनी लगन और परिश्रम से राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा से पूरे देश को अपना लोहा मनवा चुकी है।रोली वर्मा के पिता अजय पाल वर्मा बेटी के लिए हर संभव साधन जुटाने का प्रयास करते हैं। अस्मिता खेलो इंडिया में पदक प्राप्त करने पर भारतीय भारोत्तोलन संघ के महासचिव सहदेव यादव सहित योगेंद्र शर्मा, यशपाल यादव,खुशबू यादव ने आशीर्वाद दिया और राष्ट्रीय वेटलिफ्टर देवेंद्र कुमार जनपद बस्ती,अशोक कुमार यादव, विनोद कुमार वर्मा प्रधान, आसाराम वर्मा,जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्र पाल बामनिया, जिला ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र त्यागी,कोच बृजेश कुमार सहित साथी खिलाड़ी व खेल प्रेमियों ने जीत की बधाई दी।

बंद कर देना चाहिए ट्यूशन प्रथा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

शाहजहॉपुर। बच्चों के समुचित विकास के लिए सरकार को समान शिक्षा नीति बनाकर टयूशन प्रथा को बंद कर देना चाहिए।यह टयूशन प्रथा ही आगे चलकर बड़े कोचिंग संस्थानों को जन्म देती है जो सिर्फ धनिकों के लिए,धनिकों द्वारा आयोजित होती है।

मनोवैज्ञानिकों और शिक्षाविदों के अनुसार छोटे बच्चों पर भारी भरकम होमवर्क का बोझ ही टयूशन की जड़ है उनकी नाजुक मानसिक क्षमता से कई गुना बोझ डालकर पाँच सितारा शिक्षण शुल्क,अत्यधिक मंहगी कापी किताबें,अंग्रेजी दा माहौल के कारण छोटे बच्चों पर भारी भरकम बस्तों का बोझ ही टयूशन की जन्मदाता है शुरुआती शिक्षा में ढेरों किताबों की जगह एक दो साधारण मात्र चित्रों पर आधारित किताबों द्वारा एवं प्राकृतिक वातावरण के नवाचार,क्रियविटी द्वारा उन्हें सीखने,सिखाने की शिक्षा देनी चाहिए।घंटो का होमवर्क,आधे दिन की टयूशन उन पर अत्याचार ही है हम भारतीय पश्चिमी देशों की शिक्षा नीतियों की आँख बंद कर नकल तो करते हैं उनकी चिंता,वास्तविकता, समर्पण,सेवाभाव,ईमानदारी नही देखते।हम अपने माहौल के हिसाब से उन्हें नही बदलते।

अयोध्या पहुंचे केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडेय

अयोध्या, चसं। केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडे अपने संसदीय क्षेत्र चंदौली से हजारों की संख्या में राम भक्तों को लेकर अयोध्या पहुंचे और राम लला का दर्शन किया। ये सभी राम भक्त 153 बसों से अयोध्या पहुंचे थे, दर्शन पूजन के बाद सर्किट हाउस में केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडे ने लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष किया और कहा ष्भारत में एक ही गठबंधन है, वह गठबंधन है नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी नेता के संग जनता से सीधे लगाव का गठबंधन, आज यह लगाव सभी माता बहन, भाई बंधु में बड़े बुजुर्गों में, छोटे बच्चों में सर्वत्र प्रतीत होता है, आज सबके मन में यह विश्वास और आशा का गठबंधन है, ये महान नेता देश को विकसित बना सकता हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा ष्देश को दुनिया में गौरवपूर्ण स्थान दिला सकते हैं और हर गरीब से गरीब आदमी का कल्याण हो यह गठबंधन है, जो गठबंधन बना है वह आज तक एक संयुक्त कार्यक्रम नहीं कर सका तो यह कैसा गठबंधन है, अयोध्या के दिव्य भव्य मंदिर और वैभव पर महेंद्र पांडे ने कहा कि अयोध्या आने पर भारत के सांस्कृतिक बहुत ही श्रेष्ठ जागरण का अनुभव होता है, राम लला की दिव्य आभा जैसे लगता है राम लला प्रत्यक्ष खड़े हैं।

गोण्डा सपा नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर बड़ी कार्रवाई, सहायक रजिस्ट्रार कानूनगों ने दर्ज कराया मुकदमा
- नगर पालिका परिषद गोण्डा के शत्रु सम्पत्ति संबंधी दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई
- कूट रचना कर अनियमित व अवैध तरीके से उजमा राशिद का नाम इन दस्तावेजों में अंकित किया गया

गोण्डा। जिले में शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर की गोंडा डीएम के आदेश पर बड़ी कार्रवाई की गई है। गोंडा डीएम के आदेश पर सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो सदर गिरीश चंद्र सोनकर ने सपा नगर पालिका परिषद गोंडा अध्यक्ष उजमा राशिद के खिलाफ थाना नगर कोतवाली में धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा समेत कई धाराओं में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शत्रु सम्पत्ति पर अवैध रूप से कब्जा किए जाने के प्रकरण में यह कार्रवाई की गई। आरोप है कि नगर पालिका परिषद गोण्डा ने दस्तावेज में कूट रचना कर अनियमित एवं अवैध तरीके से शत्रु सम्पत्ति को उजमा राशिद के नाम अंकित किया गया है। आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 के अंतर्गत यह एफ्आईआर दर्ज की गई है।

बता दें संरक्षक शत्रु सम्पत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देश पर जून 2023 में नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद के रकाबगंज स्थित आवास को सील करा दिया था। प्रकरण गोण्डा के रकाबगंज में स्थित दुकान संख्या 15 और 16 से संबंधित है यह शत्रु सम्पत्ति है। 1967 में देश भर की शत्रु सम्पत्तियां संरक्षक शत्रु सम्पत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के नाम हस्तांतरित कर दी गई थी। वर्ष 2020 में गोण्डा के रकाबगंज स्थित इस शत्रु सम्पत्ति पर अवैध कब्जा किए जाने का प्रकरण सामने आया। संरक्षक शत्रु सम्पत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के स्तर पर जांच कराई गई। इस जांच में शत्रु सम्पत्तियों पर अनाधिकृत रूप से कब्जा किए जाने का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि उजमा राशिद को वर्ष 2001-02 से इस सम्पत्ति का किरायेदार दिखाया गया है। इस सम्पत्ति का हस्तांतरण भी किया गया। जांच में स्पष्ट हुआ है कि नगर पालिका परिषद गोण्डा के शत्रु सम्पत्ति संबंधी दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई। कूट रचना कर अनियमित एवं अवैध तरीके से उजमा राशिद का नाम इन दस्तावेजों में अंकित किया गया। संरक्षक शत्रु सम्पत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेश पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस पूरे प्रकरण को संज्ञान में लिया। उनके निर्देश पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं पूरे मामले को लेकर के गोंडा नगर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो गोंडा सदर तहसील गिरीश चंद्र सोनकर के तहरीर पर शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर के गोंडा नगर पालिका सपा अध्यक्ष उजमा राशिद के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है आगे की विधि कार्रवाई नगर कोतवाली द्वारा की जा रही है।

गोंडा के कल्लू का दोस्त बना सारस, बीमार होने पर ठीक कराया

गोण्डा, चसं। कहते हैं कि बेजुबानों से दोस्ती हर कोई नहीं कर सकता अगर कोई दोस्ती कर लेता है तो वह जल्दी उसको भूला भी नहीं पता है। कुछ इसी तरीके से बीते कुछ महीनों पहले आपने आरिफ और सारस की दोस्ती देखी होगी। इन दोनों के दोस्ती की कहानी हर किसी ने देखी और सराहा था। ठीक इस तरीके का एक दोस्ती गोंडा जिले में भी देखने को मिला है। जहां सारस गांव के लोगों के साथ ही रहता है और डांस भी करता है। बभनजोत ब्लॉक के मन्नी जोत ग्राम पंचायत के मजरा डिवलीडीह के रहने वाले कल्लू की डेढ़ साल से एक सारस के साथ कुछ इस तरीके का दोस्ती है कि सारस गांव के लोगों के बीच ही रहता है। उन्हीं के साथ खाना खाता है और गांव में सोता भी है। यही नहीं, ग्रामीण से उसकी दोस्ती इस कदर हो गई है कि वह उनके बुलाने पर आवाज लगता है और डांस की अगर डिमांड भी ग्रामीण करते हैं तो डांस करके दिखाता भी है। हालांकि दुर्घटना में अपना एक पंख खोने के बाद सारस उड़ नहीं सकता। गांव के लोगों के साथ इस सारस पक्षी की दोस्ती यहां के लिए चर्चा का केंद्र बना हुआ है। दरअसल, मनकापुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत के मजरा डिवलीडीह के रहने वाले कल्लू को डेढ़ वर्ष पूर्व गांव के बाहर स्थित एक तालाब के किनारे जख्मी हालत में एक सारस पड़ा हुआ मिला था। कल्लू द्वारा सारस को उठाकर के अपने घर लाया गया और डॉक्टर को बुलाकर के उसकी मरहम पट्टी कराकर इलाज कराया गया और उसको खाना भी खिलाया गया। कुछ दिनों तक इलाज के बाद जब सारस ठीक हो गया तो उसे वापस कल्ल

ग्लोबल लीजेंड्स लीग में शामिल होंगे युवराज सिंह

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। ग्लोबल लीजेंड्स लीग (जीएलएल) की आखिरकार रविवार को घोषणा कर दी गई, जिसका उद्घाटन टूर्नामेंट इस साल सितंबर से अक्टूबर तक होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका के फ्लोरिडा में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दर्शकों को लुभाने के लिए निर्धारित जीएलएल टी20 में छह टीमें शामिल होंगी, जिनमें से प्रत्येक का नेतृत्व खेल के दिग्गज युवराज सिंह (इंडियन लीजेंड्स), शाहिद अफरीदी (पाकिस्तान लीजेंड्स), आरोन फिंच (ऑस्ट्रेलियाई लीजेंड्स) करेंगे। , केविन पीटरसन (इंग्लैंड लीजेंड्स), क्रिस गेल (वेस्टइंडीज लीजेंड्स), और सनथ जयसूर्या (श्रीलंका लीजेंड्स)। ये आइकन मैदान पर आग लगाने के लिए तैयार दिग्गज खिलाड़ियों की एक श्रृंखला के साथ क्रिकेट के रोमांच को वापस लाते हुए, मोर्चा संभालते हैं। जीएलएल टी20 के केंद्र में क्लासिक क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता का पुनरुद्धार है, जो प्रशंसकों को नए युग के प्रारूप में पिछली लड़ाइयों के गौरव को फिर से जीने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। टीमों में प्रत्येक में 20 खिलाड़ी होते हैं, चयन राष्ट्रीय गौरव और वैश्विक प्रतिभा का सामंजस्य स्थापित करता है, जिसमें वैश्विक चयन के लिए एक सावधानीपूर्वक खिलाड़ी नीलामी प्रक्रिया और राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए एक मसौदा प्रक्रिया शामिल होती है। प्लेइंग इलेवन में 7 राष्ट्रीय और 4 वैश्विक खिलाड़ियों का एक गतिशील मिश्रण होगा, जो क्रिकेट कौशल का एक आकर्षक प्रदर्शन का वादा करेगा।

प्रत्येक टीम को वैश्विक श्रेणी के लिए 300,000 अमेरिकी डॉलर का खिलाड़ी पर्स आवंटित करने के साथ समान स्तर के खेल के मैदान की गारंटी दी जाती है, जिससे समान प्रतिभा अधिग्रहण सुनिश्चित होता है। लीग प्रबंधन और कोर समिति की देखरेख में राष्ट्रीय श्रेणी के खिलाड़ियों के लिए एक मसौदा प्रक्रिया का समावेश, टीम गठन में एक दिलचस्प रणनीतिक तत्व जोड़ता है। इसके अलावा, लीग दिग्गज खिलाड़ियों को अगली पीढ़ी को प्रेरित करने और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स से सम्मानित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिससे इसकी विरासत और मजबूत होती है। दो फ्रेंचाइजी, वेस्टइंडीज लीजेंड्स और पाकिस्तान लीजेंड्स, जो पहले से ही कॉर्पोरेट दिग्गजों द्वारा समर्थित हैं, के साथ जीएलएल टी20 के उद्घाटन सीज़न की प्रत्याशा आसमान पर है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह उद्यम न केवल एक टूर्नामेंट बल्कि क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करता है, जो एक रोमांचक क्रिकेट तमाशे के लिए मंच तैयार करेगा जो दुनिया भर में गूंजेगा। अद्वितीय क्रिकेट एक्शन के सीज़न के लिए बने रहें, जहां दिग्गज नई विरासतें बनाने के लिए मैदान पर लौटते हैं। ग्लोबल लीजेंड्स लीग टी20 सिर्फ एक टूर्नामेंट

नहीं है; यह क्रिकेट की स्थायी भावना. और इसके इतिहास को आकार देने वाले दिग्गजों का उत्सव है। उधर, लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी 2024 का 16वां मैच श्रीलंका के पल्लेकेले स्टेडियम में न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स और राजस्थान किंग्स के बीच खेला गया। वहीं दूसरी ओर न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स के कप्तान युवराज सिंह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। राजस्थान की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 150 रन बना पाई। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूयॉर्क की टीम ने 17 गेंद शेष रहते 7 विकेट से इस मैच को जीत लिया है। राजस्थान किंग्स के सलामी बल्लेबाज, कप्तान रॉबिन उथप्पा और जलज सक्सेना जल्दी अपना विकेट गंवा बैठे। उसके बाद हैमिल्टन मसाकादजा और चतुरंगा डी सिल्वा ने क्रमशः 30 रन और 39 रन की पारी खेली। उनके अलावा एंजेलो परेरा ने 15 गेंद में 26, पी ट्रेगो ने 12 गेंद में 28 और एशले नर्स ने 8 गेंद में 19 रन की तेजतर्रार पारी खेलते हुए टीम को 150 रन के स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की ओर से इसुरु उडाना ने बेहद शानदार गेंदबाजी की।

उन्होंने 4 ओवर में मात्र 21 रन देकर 3 विकेट चटकाए। न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स को चैडविक वॉल्टन और अल्वीरो पीटरसन ने शानदार शुरुआत दिलाई। विशेष रूप से वॉल्टन बहुत खतरनाक अंदाज में खेलते हुए दिखाई दिए। उन्होंने मात्र 29 गेंद में 81 रन की धुआंधार पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। वहीं कप्तान युवराज सिंह ने भी 15 गेंद में 22 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने 2 चौके और एक छक्का भी लगाया। दूसरी ओर शादाब जकाती के अलावा राजस्थान किंग्स के सभी गेंदबाजों ने 10 से ज्यादा के इकॉनमी रेट से रन लुटाए। न्यूयॉर्क की टीम ने 17 गेंद शेष रहते इस मुकाबले को जीत लिया है।

राम बाबू ने पेरिस ओलम्पिक का क्वालीफिकेशन मानक किया हासिल

एजेंसी, स्लोवाकिया में भारत के राम बाबू ने डुडिंस्का 50 मीट में 1. 20.00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारत के राम बाबू ने शनिवार को स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1. 20. 00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त

किया। यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1. 2. 10 सेकेंड है। पेरू के सीजर रोड्रिग्ज 1.19.41 सेकेंड के समय से पहले जबकि इक्वाडोर के ब्रायन पिंटाडो 1. 19. 44 सेकेंड के समय से दूसरे स्थान पर रहे। बाबू (24 वर्ष) इस तरह क्वालीफिकेशन मानक पार करने वाले देश के सातवें पुरुष पैदल चाल एथलीट बने। ऐसा करने वाले अन्य पैदल चाल एथलीट अक्षदीप सिंह, सूरज पंवार, सर्विन सेबेस्टियन, अर्शप्रीत सिंह, प्रमजीत बिष्ट और विकास सिंह हैं। महिलाओं में प्रियंका गोस्वामी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र पैदल चाल एथलीट हैं। प्रियंका ने पिछले साल झारखंड में ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया था। एक देश ओलंपिक की व्यक्तिगत ट्रैक और फील्ड स्पर्धा में केवल तीन एथलीट भेज सकता है जिससे अब यह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) पर तय करेगा कि वह इन सात पैदल चाल खिलाड़ियों में से किसे पेरिस ओलंपिक के लिए भेजता है। मुख्य एथलेटिक्स कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा था कि जून में इस पर फैसला किया जा सकता है।

वॉटसन, सैमी ने ठुकराया पाकिस्तान के कोच बनने का प्रस्ताव

एजेंसी, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वॉटसन और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने पाकिस्तान का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है जिससे पीसीबी की विदेशी कोच की तलाश अब भी पूरी नहीं हुई। सैमी ने पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) को बताया कि वह पहले से ही वेस्टइंडीज बोर्ड के साथ सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच के रूप में अनुबंधित हैं। वॉटसन इस बात से खफा हो गये कि उनके प्रस्तावित पैकेज के विवरण का खुलासा पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया पर हो गया। वह पीसीबी के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद शनिवार रात को स्वदेश लौट गये। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि पीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने पीएसएल मैचों के दौरान कराची में वॉटसन के साथ विस्तृत बातचीत की थी और उन्हें मुख्य कोच पद की पेशकश की थी। उन्होंने बताया, ''वॉटसन ने शुरू में दिलचस्पी दिखाई थी और प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए कुछ वित्तीय और अन्य शर्तें रखी थीं। बोर्ड ने वॉटसन की वित्तीय मांगों को कमोबेश स्वीकार करने के बाद यह पूर्व खिलाड़ी इस बात से खुश नहीं था कि उसके प्रस्तावित पैकेज का विवरण पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया में लीक हो गया।'' वॉटसन ने इसके बाद विनम्रतापूर्वक इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) और मेजर क्रिकेट लीग (अमेरिका) में कमेंटेटर के रूप में उनकी पूर्व प्रतिबद्धताएं हैं। इसके साथ ही वह सिडनी में अपने परिवार को अधिक समय देना चाहते हैं।

पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक पीसीबी ने वाटसन को दो मिलियन डॉलर (लगभग 16.60 करोड़ भारतीय रुपये) सालाना देने के लिए तैयार हो गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बोर्ड अब किसी घरेलू कोच को अंतरिम आधार पर नियुक्त करना चाहता है।

विश्व कप के दौरान लगी चोट से उबरने के लिए इंजेक्शन लगाए गए, टखने से खून निकलवाना पड़ा : पंड्या

एजेंसी, मुंबई। हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने पिछले साल विश्व कप के मैचों के लिए फिटनेस हासिल करने की बेताबी में कई इंजेक्शन लेने और अपने टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया लेकिन इससे चोट और बढ़ गयी और इस भारतीय खिलाड़ी को वनडे विश्व कप से बाहर बैठना पड़ा। विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पंड्या लंगडाते हुए मैदान से बाहर गये थे। वह इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सके। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''मैंने अपनी एड़ी पर तीन अलग-अलग जगहों पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे अपने टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करता हूं।'' पंड्या ने कहा कि उन्हें पता था कि कड़ी मेहनत करने से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर खेले गये विश्व कप के दौरान टीम में वापसी के लिए यह जोखिम उठाया। उन्होंने कहा, ''मुझे पता था कि (अगर) मैं खुद को चोट से उबरने के लिए ज्यादा प्रयास करूंगा तो मैं लंबे समय तक के लिए चोटिल हो सकता हूं।'' पंड्या ने कहा, ''जब मैं अपनी ओर से पुरजोर कोशिश कर रहा था तो यह चोट फिर से उबर गयी और यह ऐसी चोट में तब्दील हो गयी जिससे उबरने में तीन महीने का समय लगता। मैं चलने में सक्षम नहीं था लेकिन मैं उस समय दौड़ने की कोशिश कर रहा था।'' इस 30 साल के खिलाड़ी को पांच दिनों में टीम में वापसी का भरोसा था लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। उन्होंने कहा, ''जब मैं (चोट के बाद मैदान से बाहर) आया, तो मैंने टीम को सूचित किया कि मैं पांच दिनों में वापस आऊंगा। मैंने 10 दिनों तक वापसी की कोशिश की, वापसी करने और टीम में फिर से शामिल

होने के लिए दर्द निवारक दवाएं लीं। लेकिन यह अलग तरह की चोट थी और इसके बारे में बहुत कम लोग जानते थे।'' पंड्या ने कहा कि विश्व कप में पूरी तरह से नहीं खेल पाने का बोझ हमेशा उनके दिल पर रहेगा। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए सबसे बड़ा गर्व देश के लिए खेलना है। मैं हर हालत में घरेलू मैदान पर विश्व कप खेलना चाहता था। इसलिए, मैं उनके (टीम) के लिए वहां रहना चाहता था।'' पंड्या ने 2022 में अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को आईपीएल खिताब दिलाया था। अब उनके पास एक और बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें आईपीएल 2024 में पांच बार की चौंपियन मुंबई इंडियंस का नेतृत्व करना है। अपनी पुरानी टीम से जुड़ने पर उन्होंने कहा, ''बड़ौदा में एक युवा लड़के के रूप में मेरी यात्रा से लेकर मुंबई तक, इस शहर ने मुझे आगे बढ़ना सिखाया है, मुझमें विनम्रता और जुझारूपन पैदा किया है। मुझे इस तरह का क्रिकेटर बनाने में इस शहर का काफी अहम योगदान है। उन्होंने कहा, ''मुंबई हमेशा आपको बेहतर बनने के लिए चुनौती देती है और अब मैं आईपीएल के साथ दो साल बाद घर लौटा हूं।

पाकिस्तान की टीम में असुरक्षा का माहौल बना रहता है : नसीम शाह

एजेंसी, कराची। तेज गेंदबाज नसीम शाह ने पाकिस्तान की टीम में असुरक्षा के माहौल पर खुलकर बात करते हुए कहा कि सीनियर खिलाड़ी थके होने के बावजूद 'ब्रेक' नहीं लेते हैं क्योंकि उन्हें डर रहता है कि उनकी जगह कोई जूनियर खिलाड़ी ले लेगा। शाह कंधे की चोट के कारण पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा कि चोट के कारण टीम से बाहर होने पर उन्हें भी अपनी जगह गंवाने का डर था। शाह ने क्रिकविक से कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो प्रमुख खिलाड़ी अपने शरीर को आराम देने से डरते हैं जबकि वह जानते हैं कि उन्हें ब्रेक की जरूरत है क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट का माहौल इस तरह से है कि अगर कोई नया खिलाड़ी आता है तथा एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है तो फिर आप नहीं जानते कि वह टीम में स्थायी तौर पर आपकी जगह ले लेगा।'' उन्होंने कहा, ''इस डर के कारण खिलाड़ी आराम नहीं कर पाते हैं क्योंकि उन्हें डर रहता है कि उनका

करियर यहीं समाप्त हो सकता है।'' नसीम ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच स्पष्टता और बेहतर संवाद स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा,'' अन्य देशों में अगर किसी प्रमुख खिलाड़ी को विश्राम दिया जाता है तो उसे आश्वासन दिया जाता है कि अगर उनकी जगह चुना गया खिलाड़ी एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करेगा, तब भी उन्हें टीम से बाहर नहीं किया जाएगा।'' नसीम ने कहा कि अगर पाकिस्तान का कोई सीनियर खिलाड़ी शत प्रतिशत फिट महसूस नहीं कर रहा हो या उसके शरीर को आराम की जरूरत हो तो उसकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए जाते हैं।

सफलता उन लोगों का योग है जो आपको सही सबक सिखाते हैं : अश्विन

चर्चित राजनीति। एजेंसी

चेन्नई। भारतीय स्पिन दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट पूरे करने के लिए रविवार को तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) द्वारा सम्मानित किए जाने पर खुशी व्यक्त की और समारोह में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद दिया। इसे एक ऐसा दिन बनाने के लिए जिसे वह अपने जीवन में कभी नहीं भूलेगा।

सम्मान समारोह के दौरान अश्विन को टीएनसीए से 1 करोड़ रुपये मिले। स्पिनर ने इंस्टाग्राम पर कहा कि सफलता उन लोगों का कुल योग है जो किसी को सही सबक सिखाते हैं, जो कठोर सबक और भाग्य सिखाते हैं। अश्विन ने अपनी यात्रा में मदद करने के लिए अपने माता-पिता, पत्नी, बच्चों, कोचों और क्रिस श्रीकांत, दिनेश कार्तिक, अभिनव मुकुंद और अनिल कुंबले जैसे कुछ क्रिकेट सितारों को धन्यवाद दिया। उन्होंने टीएनसीए सचिव आरआई पलानी को भी धन्यवाद दिया। सफलता उन सभी लोगों का योग है जो आपको सही सबक सिखाते हैं, जो आपको कठोर सबक और भाग्य सिखाते हैं। भाग्य हर किसी के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन मेरा मानना है कि हम अपनी किस्मत खुद बनाते हैं।

हरियाणा और ओडिशा सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2024 के क्यूएफ में शामिल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

पुणे। 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पांचवें दिन पिंपरी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में हॉकी हरियाणा, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हॉकी मिजोरम ने अपने-अपने मैचों में जीत हासिल की। , पुणे. दिन के नतीजों के साथ, हॉकी हरियाणा और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

हॉकी हरियाणा ने पूल डी मुकाबले में ले पुडुचेरी हॉकी को 22-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। एक बार फिर, अनुभवी हॉकी हरियाणा की टीम अपने लक्ष्यों का पीछा करने में लगातार लगी रही। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका (4', 11', 14', 15', 42', 49') ने अपना पर्पल पैच जारी रखा, जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड शर्मिला देवी (35', 41', 45'), और भारतीय महिला हॉकी टीम की रक्षक मोनिका (17', 19', 53') और नीलम (15', 25' और 30') ने तीन-तीन मौकों पर गोल किया।

इसके अलावा, भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड नवनीत कौर (2', 33', 45') ने भी शानदार हैट्रिक बनाई। भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर ज्योति (32', 33') ने भी मौका नहीं छोड़ा और लगातार दो गोल करके दो गोल किए, जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर नेहा गोयल (40'), भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड उदिता (42) ने भी एक गोल किया। पूल ई मुकाबले में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी चंडीगढ़ के खिलाफ 6-1 की जीत के बाद अपनी लगातार दूसरी जीत

हासिल की। ओडिशा के आक्रमण को दीप्ति लाकड़ा (10', 23') द्वारा निर्देशित किया गया और अजमीना कुजूर (15'), जीवन किशोरी टोप्पो (30'), मारियाना कुजूर (50') और कप्तान लिलिमा मिंज (51') ने गोल किए। इस बीच, प्रियंका (26') हॉकी चंडीगढ़ के लिए एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। पूल एफ मुकाबले में हॉकी मिजोरम ने हॉकी राजस्थान के खिलाफ 20-2 से जीत दर्ज की। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड, लालरेम्सियामी (6', 29', 34', 36', 56', 60') और लालरिनपुई (13', 15', 26', 51', 57') हॉकी के लिए शीर्ष स्कोरर रहीं। मिजोरम जबकि लालनेइहपुई (14', 22', 49') ने भी हैट्रिक बनाई। स्कोरशीट में जोड़ते हुए, मिजोरम के लिए वनलालहरियातपुई (27', 39'), एच लालरुआतफेली (11'), लालथंतलुआंगी (17'), एफ. लालबियाक्सियामी (18') और मरीना लालरामनघाकी (33') ने भी स्कोर किया। राजस्थान के लिए दो गोल उषा कुमारी (33') और मनीषा शर्मा (48') ने किये। बाद में शाम को, हॉकी हिमाचल प्रदेश पूल एफ मुकाबले में हॉकी पंजाब से भिड़ेगी जबकि मणिपुर हॉकी पूल जी मुकाबले में हॉकी कर्नाटक से भिड़ेगी। 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के शनिवार के अंतिम दो मुकाबलों में तमिलनाडु हॉकी यूनिट और हॉकी उत्तराखंड ने अपने-अपने मैच जीते। तमिलनाडु की हॉकी यूनिट ने हॉकी गुजरात को 6-0 से हराया। नंदिनी (14', 15', 34', 41') तमिलनाडु के लिए मुकाबले की स्टार कलाकार थीं। कृष्णप्रिया (24') और सबरीमणिदेवी (59') ने भी एक-एक गोल किया। हॉकी उत्तराखंड ने पूल जी में दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज की। कप्तान ममता भट्ट (17', 29') ने एक महत्वपूर्ण गोल किया, जबकि कोमल धामी (7'), बीना पांडे (12') और हेमा सिंह (57') ने एक-एक गोल किया।

मन मोह लेती हैं लद्दाख की खूबसूरत वादियां

लद्दाख भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है। पूर्व में जम्मू और कश्मीर राज्य के अंतर्गत आने वाले, लद्दाख को 31 अक्टूबर 2019 को एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में प्रशासित किया गया था। सियाचिन ग्लेशियर से हिमालय तक फैला, लद्दाख को दुनिया के सबसे ठंडे रेगिस्तान के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर आश्चर्यजनक गोम्पास (तिब्बती बौद्ध मठ), लहराते प्रार्थना झंडे, सफेद पुते स्तूप, जटिल भित्तिचित्र और लाल वस्त्रधारी साधुओं के समूह दिखते हैं। तिब्बतियों जैसी संस्कृति में रचे बसे लद्दाख के लोग मिलनसार हैं और पर्यटकों का स्वागत करते हैं। लद्दाख के पर्यटक स्थलों की बात करें तो इसमें हेमिस, पंगोंग झील, त्सो मोरिरी झील, लेह शहर, नुब्रा घाटी, कारगिल शामिल है। इन स्थलों पर पर्यटक ट्रेकिंग का आनंद ले सकते हैं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख अपनी खूबसूरत वादियों, बर्फीली घाटियों, शांत वातावरण, अनूठी संस्कृति, कलात्मक शैली, शिल्प कला और रीति-रिवाजों के लिए विश्व भर में मशहूर है। यहां की सुन्दर झीलें और मठ, मन को सम्मोहित कर देने वाले परिदृश्य और पहाड़ की चोटियाँ हर किसी का मन मोह लेती हैं। लेह दुनिया की सबसे शांत जगहों में भी शुमार है। यहां ग्रीष्म ऋतु में सेब, खुबानी एवं अखरोट जैसे पेड़ पल्लवित होते हैं। लद्दाख में पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां नजर आती हैं, इनमें रॉबिन, रेड स्टार्ट, तिब्बती स्नोकोक और रेवेन खूब पाए जाते हैं। लद्दाख को दो जिलों में विभाजित किया गया हैरू जिला लेह और जिला कारगिल। लेह अपने सुंदर मठों, शांति स्तूप, कैफे और लेह बाजार के कारण एक बड़ा पर्यटक आकर्षण है। उधर, राफ्टिंग और उच्च ऊंचाई वाली ट्रैकिंग के लिए लद्दाख साहसिक खेलों का मैदान है। यदि आप लेह लद्दाख जाने का कार्यक्रम बना रहे हैं तो सर्दियों में जाने से बचें।

लद्दाख भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है। पूर्व में जम्मू और कश्मीर राज्य के अंतर्गत आने वाले, लद्दाख को 31 अक्टूबर 2019 को एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में प्रशासित किया गया था। सियाचिन ग्लेशियर से हिमालय तक फैला, लद्दाख को दुनिया के सबसे ठंडे रेगिस्तान के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर आश्चर्यजनक गोम्पास (तिब्बती बौद्ध मठ), लहराते प्रार्थना झंडे, सफेद पुते स्तूप, जटिल भित्तिचित्र और लाल वस्त्रधारी साधुओं के समूह दिखते हैं। तिब्बतियों जैसी संस्कृति में रचे बसे लद्दाख के लोग मिलनसार हैं और पर्यटकों का स्वागत करते हैं। लद्दाख के पर्यटक स्थलों की बात करें तो इसमें हेमिस, पंगोंग झील, त्सो मोरिरी झील, लेह शहर, नुब्रा घाटी, कारगिल शामिल है। इन स्थलों पर पर्यटक ट्रेकिंग का आनंद ले सकते हैं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख अपनी खूबसूरत वादियों, बर्फीली घाटियों, शांत वातावरण, अनूठी संस्कृति, कलात्मक शैली, शिल्प कला और रीति-रिवाजों के लिए विश्व भर में मशहूर है।



परिवार संग बजट में करना चाहते हैं ट्रिप प्लान

कई बार बजट के कारण लोगों का घूमने का प्लान कैंसिल हो जाता है। इन समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए काउच सर्फिंग की शुरूआत हुई होगी। हम आपको इसके टर्म और फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। घूमने-फिरने के शौकीन लोग अक्सर लोग छुट्टी मिलते ही ट्रिप प्लान कर लेते हैं। लेकिन घूमने के लिए जेब में पैसे होने बहुत जरूरी है। कई बार बजट के कारण लोगों का घूमने का प्लान कैंसिल हो जाता है। क्योंकि ट्रिप के दौरान आने-जाने से लेकर रुकने और खाने-पीने तक की हर चीज में पैसे खर्च होते हैं। वहीं यदि इन चीजों के साथ समझौता करने से ट्रिप अच्छी नहीं रहती हैं। इन सारी चीजों के साथ समझौता करने पर ट्रिप से खराब यादें लेकर लौटना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए काउच सर्फिंग की शुरुआत की गई होगी। आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको ये टर्म और इसके फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि काउच सर्फिंग कम्यूनिटी का मकसद आपकी ट्रिप को बेहतर और सुखद बनाना है। इसके साथ ही यह ट्रैवलर्स को फ्री में स्टे का ऑप्शन चुनने में मदद करता है। काउच सर्फिंग एक सोशल नेटवर्किंग साइट है, जो मुख्य रूप से दुनियाभर के लोगों को जोड़ने का काम करता है। ट्रैवलर्स गेस्ट के तौर पर रजिस्ट्रेशन करवाते हैं और अपनी ट्रिप की प्लानिंग को इसके साथ साझा करते हैं। इसके साथ ही लोकल लोग होस्ट के तौर पर रजिस्ट्रेशन करते हैं। यही होस्ट ट्रैवलर्स को अपने घरों में स्टे करने का ऑप्शन देते हैं।

काउच सर्फिंग के फायदे

इस कम्यूनिटी के जरिए यात्री फ्री में स्टे के लिए जगह ढूंढ सकते हैं। इससे ट्रिप के दौरान आपके अच्छे-खासे पैसे बच सकते हैं। वहीं आप देश में घूमे या विदेश में काउच सर्फिंग से वहां के लोकल लोगों को जानने का मौका मिलता है। आप जिस भी जगह घूमने जा रहे हैं, वहां कि संस्कृति और अन्य चीजों को पास से देख व समझ सकते हैं। यदि आपका नेचर इंट्रोवर्ट है, काउच सर्फिंग आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। क्योंकि इसके माध्यम से आपको अंजान लोगों से मिलने और नए दोस्त बनाने का मौका मिलता है। जब आप नए लोगों के साथ कम्यूनिकेट करते हैं, तो आपका कॉन्फिडेंस बढ़ता है। काउच सर्फिंग में जहां पर आप स्टे करते हैं, आपको उन लोगों के लिए कुछ काम करना होता है, जैसे-बेबी सीटिंग, कुकिंग, साफ-सफाई और गार्डनिंग आदि।

प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

सीएम योगी ने

भारतीय राजनीति में ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के पर्याय रहे, पूर्व रक्षा मंत्री एवं गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म भूषण मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपका सादगी एवं शुचितापूर्ण जीवन हम सभी के लिए पाथेय है।

दस सालों में

10 लाख घर दिए हैं। यहां पालनाडु में गरीबों के लिए करीब 5 हजार पक्के घर बनाए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत आंध्र प्रदेश में करीब एक करोड़ परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुका है।

टावरों पर चढ़े

आयोग की घोषणा के अनुसार, आंध्र प्रदेश में 13 मई को 25 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव होंगे। तटीय राज्य का चुनाव सिर्फ एक चरण में होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल 96.8 करोड़ मतदाता वोट डालने के पात्र होंगे।

सी-17 विमान ने

बता दें कि भारतीय नौसेना ने इस महीने की शुरुआत में सोमालिया के पूर्वी तट पर 11 ईरानी और आठ पाकिस्तानी नागरिकों के चालक दल वाले मछली पकड़ने वाले जहाज पर डकैती के प्रयास को विफल कर दिया था। जनवरी महीने में भी भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं द्वारा हमला किए जाने के बाद ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज के 19 पाकिस्तानी चालक दल को बचाया था। नौसेना ने पांच जनवरी को उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज एमवी लीला नोरफोक के अपहरण के प्रयास को विफल कर दिया था।

चुनावी बॉण्ड एक

के प्रमुख खरीदारों में शामिल थे। चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जतायी जा रही चिंताओं और लाभ पाने के लिए इन्हें खरीदने के दावों के बारे में होसबाले ने कहा कि संघ ने अभी तक इसके बारे में चर्चा नहीं की है क्योंकि चुनावी बॉण्ड एक ''प्रयोग'' है। उन्होंने कहा, ''यह नियंत्रण और संतुलन के साथ किया गया और ऐसा नहीं है कि चुनावी बॉण्ड आज अचानक पेश किए गए, ऐसी योजना पहले भी लायी गयी थी। जब भी कोई बदलाव होता है तो सवाल उठाए जाते हैं। जब ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें) लायी गयी थीं तब भी सवाल उठाए गए थे।'' होसबाले ने कहा, ''जब नयी चीजें आती हैं तो लोगों का सवाल उठाना स्वाभाविक है। लेकिन वक्त आने पर पता चलेगा कि नयी व्यवस्था कितनी फायदेमंद और प्रभावी रही। इसलिए संघ को लगता है कि इसे प्रयोग के लिए छोड़ देना चाहिए।'' नरेन्द्र मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि संघ समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि इसे लागू करने की मांग वाला एक प्रस्ताव कई साल पहले संगठन की 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा' में पारित किया गया था। होसबाले ने कहा, इसे (भाजपा शासित) उत्तराखंड में लागू किया गया है। हम चाहेंगे कि इसे पूरे देश में लागू किया जाये। लेकिन उत्तराधिकार, गोद लेना, विवाह और अन्य मुद्दे जैसे कुछ विवरण हैं जिन पर चर्चा करने की आवश्यकता है और फिर वे आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, लोगों ने देखा है कि देश ने पिछले 10 वर्षों में कितनी प्रगति की है और यहां तक कि प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और राजनीतिक विचारकों ने भी दोहराया है कि वर्तमान सदी भारत की सदी है। उन्होंने कहा, ऐसा कहने से उनके लिए कुछ अच्छा ही हो रहा होगा। वैसे भी, लोग चार जून (लोकसभा चुनाव की मतगणना के दिन) को अपना फैसला सुनाएंगे।

सबसे ज्यादा चंदा

तरीके से सामने रखी है। इसे सबसे ज्यादा 509 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा विवादास्पद कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज लिमिटेड कंपनी ने दिया है। 14 मार्च, 2024 को जब चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों की जो सूची सार्वजनिक की थी उसमें फ्यूचर गेमिंग सबसे ऊपर थी। लाटरी किंग के नाम से प्रसिद्ध सैंटियागो मार्टिन इस कंपनी के प्रवर्तक हैं। इसने कुल 1368 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा देश के राजनीतिक दलों को दिया है। चेन्नई इसके संचालन का प्रमुख केंद्र रहा है। ऐसे में तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी को भारी-भरकम चुनावी चंदा देना मौजूदा चुनावी साल में खासा रंग दिखा सकता है। डीएमके को मेघा इंजीनियरिंग ने भी 85 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। चुनावी चंदा देने में मेघा इंजीनियरिंग का स्थान देश में दूसरा है और इसने कुल 966 करोड़ रुपये राजनीतिक दलों को दिए हैं। दक्षिण की हर पार्टी को मेघा इंजीनियरिंग ने चंदा दिया है। जिन क्षेत्रीय दलों ने चुनावी चंदा देने वाली कंपनियों के जो नाम सार्वजनिक किया है उससे यह भी साफ होता है कि जिनकी राज्यों में सरकारें हैं उन्हें चंदा वहां की स्थानीय कंपनियों की तरफ से ज्यादा दिया गया है। एनसीपी को वर्ष 2019 में टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस पूनावाला ने अलग अलग मौकों पर कुल 3.75 करोड़ रुपये की राशि दी है। एआईएडीएमके को चेन्नई सुपरकिंग की तरफ से चंदा दिया गया है। जेडीएस को इंफोसिस, एम्बेसी ग्रूपस व बायकान जैसी बेंगलुरू की बड़ी कारपोरेट कंपनियों ने चुनावी चंदा दिया है। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ 12 अप्रैल, 2019 में सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश के बाद हुए पत्र व्यवहार का ब्यौरा सार्वजनिक किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक दलों को तब चुनावी बॉन्ड्स से प्राप्त राशि और इसे किस खाते में जमा कराया गया है, इसकी सूचना चुनाव आयोग को देने को कहा था। इसमें टीएमसी और कांग्रेस की तरफ से चुनाव आयोग को लिखे गये पत्र भी हैं। इन दोनों पार्टियों ने एसबीआई के साथ इस बारे में हुए पत्राचार का ब्यौरा दिया है। टीएमसी व कांग्रेस ने एसबीआई को कहा है कि वह उन्हें चुनावी बॉन्डस देने वाली कंपनियों के नाम सीधे चुनाव आयोग को सौंप दे। दूसरी तरफ भाजपा की तरफ से 09 मई, 2019 को लिखे गये पत्र में लिखा है कि आयकर अधिनियम, 1961 के तहत इलेक्टोरल बॉन्डस से प्राप्त धनराशि के बारे में कोई भी सूचना को देने से छूट है। इसी तरह से पार्टी ने लोक प्रतिनिधि कानून, 1951 की धारा 29सी के तहत भी राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड्स के जरिए प्राप्त धन के बारे में चुनाव आयोग को कोई जानकारी देना जरूरी नहीं है।

'वो क्या जानें

अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा। जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि %मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं। मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए। जयशंकर ने सीएए पर आलोचना का जवाब देते हुए अपनी बात रखने के लिए कई उदाहरण भी दिए। उन्होंने कहा कि उन्हें समस्या होती है जब लोग अपनी नीतियों को नहीं देखते हैं। उन्होंने जैक्सन-वनिक संशोधन का हवाला दिया, जो सोवियत संघ के यहूदियों, लॉटेनबर्ग संशोधन, स्पेक्टर संशोधन और हंगेरियाई लोगों की तेजी से ट्रैकिंग के बारे में था। उन्होंने कहा कि अगर आप मुझसे पूछें कि क्या अन्य देश, अन्य लोकतंत्र जातीयता, आस्था, सामाजिक विशेषताओं के आधार पर तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो मैं आपको कई उदाहरण दे सकता हूं। 1947 के विभाजन का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि इस देश के नेतृत्व ने इन अल्पसंख्यकों से वादा किया था कि यदि आपको कोई समस्या है, तो भारत आने के लिए आपका स्वागत है। इसके बाद नेतृत्व ने अपना वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ हमारी समस्या नहीं है। यदि आप यूरोप को देखें, तो कई यूरोपीय देशों ने विश्व युद्ध के दौरान या कुछ मामलों में विश्व युद्ध से बहुत पहले छूट गए लोगों की नागरिकता के लिए तेजी से काम किया है। कुछ ऐतिहासिक मुद्दे जिन पर ध्यान नहीं दिया गया। उस समुदाय के प्रति मेरा नैतिक दायित्व है।

चुनावी बॉन्ड न

ने कहा, अगर आप बॉन्ड को स्वीकृति नहीं देंगे तो लोग नंबर दो में पैसे लेंगे। मुझे लगता है कि सभी पार्टियों को इस तरह का सोर्स मिल जाएगा तो अच्छा होगा। दुनिया में भी कुछ जगहों पर पार्टियों को सरकार फाइनेंस करती हैं। चुनावी बॉन्ड में कालेधन को लेकर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, जिस पैसे से रोजगार पैदा होता है, जिस पैसे से विकास होता है और जिस पैसे से गवर्नमेंट का रेवेन्यू बढ़ता है, उसे हम ब्लैक कैसे कहें। समस्या है कि कोई पैसा लेकर दुनिया में कहीं दूसरी जगह डालता है। रविवार को एनडीटीवी के साथ एक ख़ास इंटरव्यू में चुनाव के लिए सरकारी फंडिंग के सवाल पर उन्होंने कहा, अरुण जेटली जी जब यह (चुनावी बॉन्ड) लाए थे तो विपक्ष के लोगों से भी चर्चाएं की थीं। यह मेरा विषय नहीं है, लेकिन लोकतंत्र में हम आम सहमति से ऑप्शन ढूंढ सकते हैं, क्योंकि जरूरत तो है। ऐसे में सबसे अच्छा ऑप्शन कौन-सा होगा जो लोकतंत्र को गुणात्मक तरीके से मजबूत करेगा, तो उस बारे में सभी लोगों को सोचना चाहिए। गडकरी ने कहा, मैं 10 साल से सांसद हूं। मेरा नाम, मेरा व्यक्तित्व और मेरे काम से सभी लोग परिचित हैं तो पोस्टर-बैनर लगाने की जरूरत नहीं है, लेकिन मैं लोगों के बीच जाऊंगा और उनका आशीर्वाद लूंगा।

'क्रू' पुरुषों की आलोचना वाली नहीं, कॉमेडी फिल्म है

फिल्म क्रू रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री कृति ने फिल्म को लेकर बात की।

उन्होंने कहा, फिल्म किसी मुद्दे या पुरुषों की आलोचना नहीं करती, बल्कि दर्शक देखेंगे कि महिलाएं बहुत अच्छी कॉमेडी कर सकती हैं। फिल्म क्रू का ट्रेलर शनिवार को लॉन्च किया गया। ट्रेलर में कॉमेडी की झलक देखने को मिलती है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। तीनों एयर होस्टेस (करीना, तब्बू और कृति सैनन) एक डकैती को अंजाम देने के लिए रोमांचक यात्रा पर निकलती हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान कृति ने कहा, मुझे लगता है कि हमें ज्यादातर पुरुषों के साथ काम करने का मौका मिलता है।

वास्तव में महिलाओं के साथ काम करना बहुत ताजगी भरा एहसास था। तब्बू और करीना कपूर के साथ काम करने का बहुत ही शानदार एक्सपीरियंस रहा है। कृति सैनन ने आगे कहा, मुझे लगता है, जब भी महिलाओं या लड़कियों वाली कोई फिल्म रिलीज होती है, तो हर कोई सोचता है कि यह बहुत गंभीर है या कोई मुद्दा होगा या पुरुषों की आलोचना होगी, वगैरह-वगैरह। इसलिए, इसमें ऐसा कुछ भी नहीं है। आप देख सकते हैं कि महिलाएं बहुत अच्छी कॉमेडी कर सकती हैं। मैं सचमुच उम्मीद करती हूं कि आप सभी को यह पसंद आएगी। फिल्म में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा की भी विशेष भूमिका है। बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क द्वारा समर्थित, क्रू का निर्देशन राजेश ए. कृष्णन ने किया है। यह फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वहीं बहुमुखी प्रतिभा की धनी तब्बू के साथ काम करने की अपनी लंबे समय से चली आ रही इच्छा को व्यक्त करते हुए करीना ने कहा, मैं इस फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मुझे पहली बार तब्बू के साथ काम करने का मौका मिला। लोलो (करिश्मा कपूर) ने उनके साथ कई बार काम किया है। अंततः उनके साथ स्क्रीन साझा करने का अवसर और सम्मान।

करीना ने भी कृति की तारीफ की और उन्हें बेहद प्रतिभाशाली और प्यारी बताया। अभिनेत्री ने कहा, मुझे उम्मीद है कि फिल्म अच्छा प्रदर्शन करेगी। राजेश ने एक बेहद मजेदार फिल्म बनाई है इसलिए मैं वास्तव में उत्साहित और खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि यह चलेगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

लोकसभा चुनाव के लिए एकता का दिखावा कर रहे हैं विपक्षी दल : दिनेश शर्मा

जो पार्टियां अब एक साथ आ रही हैं, वे तीन महीने बाद आपस में ही लड़ती नज़र आएंगी

चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने रविवार को दावा किया कि विपक्षी दल मोदी फोबिया (मोदी भय) के कारण एकजुट हुए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए एकता का दिखावा कर रहे यह दल 3 महीने बाद एक-दूसरे से झगड़ना शुरू कर देंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि, चुनाव में उनके (विपक्षी दल) बढ़े हुए अहंकार और खराब प्रदर्शन के कारण वे अपने बीच से (लोकसभा में) विपक्ष का एक नेता भी नहीं चुन पाएंगे। उन्होंने कहा, मोदी फोबिया के कारण वे (विपक्षी दल) एक साथ आने के लिए मजबूर हुए हैं। जो पार्टियां अब एक साथ आ रही हैं, वे तीन महीने बाद आपस में ही लड़ती नजर आएंगी। चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी। यह चुनाव सात चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे। मतगणना चार जून को होगी। दिनेश शर्मा ने दावा किया कि इस बार विपक्षी दल कहीं भी चुनावी परिदृश्य में नहीं हैं। यहां तक ष्ष्क दक्षिणी राज्य भी इस चुनाव में विपक्षी दलों के पतन और भाजपा के उदय का गवाह बनेंगे। उन्होंने कहा, एक-दूसरे को गाली देने वाले अवसरवादी विपक्षी दल अपना अस्तित्व बचाने के लिए आपस में बेमेल गठबंधन बना रहे हैं। जो लोग एक-दूसरे को जेल भेजने की बात करते थे, वे आज एक-दूसरे को गले लगा रहे हैं। चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी (सपा) और तृणमूल कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन बनाया है। हाल ही में कुछ दक्षिणी राज्यों का दौरा कर चुके भाजपा राज्यसभा सदस्य ने कहा, ष्लोकसभा चुनाव के लिए कुछ विपक्षी दल एक साथ आए हैं लेकिन अपने नेताओं के अहंकार के कारण वे अपने बीच से विपक्ष के नेता का

चयन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेंगे। शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना जर्मनी के तानाशाह रहे एडॉल्फ हिटलर से करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। शर्मा ने सपा संस्थापक और उत्तर प्रदेश के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के स्पष्ट संदर्भ में कहा, असली हिटलर वह था जिसने अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलाई और जिनके समय में (अयोध्या में) राम मंदिर के बारे में बात करने वाले लोगों को जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा, अगर वे हिटलर से इतना प्यार करते हैं तो उन्हें अपनी सहयोगी कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल और सिख विरोधी दंगों को भी याद रखना चाहिए। विपक्ष पर हमला तेज करते हुए राज्यसभा सदस्य ने कहा कि चुनावी मौसम भगवान राम और सनातन धर्म के विरोधियों को भी राम-राम जपने पर मजबूर कर रहा है। भाजपा नेता ने कहा, राम भक्तों पर गोलियां चलवाने वाले सपा नेता अब इटावा में मंदिर बनवा रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के स्पष्ट संदर्भ में शर्मा ने कहा, आजकल, एक पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अपने माथे पर चंदन का पाउडर लगाते हैं, लेकिन आश्चर्य है कि लोग मोदी की ओर क्यों देख रहे हैं। उन्होंने आम चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के एक साथ आने को ष्ष्परिवारवादी पार्टियों का मिलन करार दिया। शर्मा ने दावा किया कि भाजपा इस बार दक्षिणी राज्यों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति गुस्सा है और भाजपा को पिछले चुनाव की तुलना में इस बार अधिक सीटें मिलेंगी क्योंकि उसका जद-एस (जनता दल (सेक्युलर)) के साथ गठबंधन है। अगर कांग्रेस वहां एक भी सीट जीतने में कामयाब रही तो आश्चर्य होगा।

शर्मा ने कहा, आंध्र प्रदेश में (वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ) सत्ता विरोधी लहर है। वहां टीडीपी-भाजपा गठबंधन प्रभावी साबित होगा। केरल में ईसाई समुदाय भाजपा की ओर आकर्षित हो गया है। संक्षेप में मैं कहूंगा कि दक्षिण में विपक्ष का सूर्यास्त होगा और भाजपा का सूर्योदय होगा। लोकसभा की 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में आम चुनाव के सभी चरणों में मतदान होगा। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 62 और उसके सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) ने दो सीटें जीती थीं। इसके अलावा सपा-बहुजन समाज पार्टी गठबंधन को 15 सीटें और कांग्रेस को एक सीट मिली थी।

आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों का 640 दिन से चल रहा धरना स्थगित

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आचार संहिता के अनुपालन में 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित आरक्षित वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों ने अपने 640 दिन से चल रहे आंदोलन व धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। हालांकि इस मामले की सुनवाई लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच में चल रही है। धरना स्थल इको गार्डन में अबतक हुए धरना प्रदर्शन में पूरे प्रदेश के अभ्यर्थी शामिल थे। बेनतीजा धरना स्थगित होने पर अभ्यर्थियों के आँखों में आंसू थे।

अभ्यर्थियों ने कहा ये बेबसी, ये तड़प, ये 640 दिनों का संघर्ष, टूटे सपनों की सिसकी,भविष्य की चिंता लिए अपने घरों को वापस लौटना पड़ रहा है। घर वापस जाते अभ्यर्थियों ने कहा, अपने ही ओबीसी एससी समाज के नेताओं की मक्कारी की वजह से आज हमें यह दिन देखना पड़ रहा हैं। हम सभी को उम्मीद थी की सरकार लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने से पहले हमारे हित में कोई फैसला लेगी। लेकिन वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव से लेकर अब लोकसभा चुनाव 2024 तक आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को निराशा ही हाथ लगी।नौकरी पाने से वंचित आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का आरोप है कि 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में घोर अनियमितता बरती गई जिस कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल और विजय यादव ने कहा की इस संबंध में कई बार आंदोलन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव के दौरान मामले का संज्ञान लिया था और विसंगति दूर करते हुए आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश अधिकारियों को दिया था। जिसके आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विसंगति को सुधारने के उपरांत 6800 दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का वादा करते हुए एक सूची जारी की लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिल सका। जिसे लेकर लगभग 640 दिन से आरक्षित वर्ग के यह अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे थे।लगातार 640 दिन चले इस आंदोलन की पूरे प्रदेश व देश में चर्चा है। जितनी चर्चा आरक्षित के अभ्यर्थियों की मांग की है उससे कहीं ज्यादा इन अभ्यर्थियों के द्वारा अनुशासन में रहकर आंदोलन करने की है। कुछ छुटपुट बातों को यदि छोड़ दिया जाए तो इतने लंबे समय तक चलने वाले इस आंदोलन पर कोई गैर कानूनी गतिविधि को अंजाम देने का कोई आरोप नहीं है।

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने संयम, सब्र और धैर्य का उदाहरण पेश करते हुए इस आंदोलन का संचालन किया। यही कारण हैं आचार संहिता के पालन में आंदोलन को स्थगित भी कर दिया है। धरना व आंदोलन स्थगित करने की घोषणा के दौरान अनु पटेल, विजय, वीरेन्द्र वीर, यशवंत, अवनीश, भोलानाथ आंबेडकर, सनी कटियार, बृजभान, धनंजय, संग्राम, अमित, कृष्ण, रविशंकर आदि लोग इको गार्डेन में मौजूद थे।

रन टुडे फॉर ग्रीन टुमारो के लिए दौड़ा लखनऊ, खुशबू और अक्षय बने विजेता

लखनऊ, चसं। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) की ओर से 1090 चौराहा से रन टुडे फॉर ग्रीन टुमारोष् की थीम पर दौड़ का आयोजन किया गया। रविवार को सुबह छह बजे से आयोजित दौड़ में करीब 2,500 लोगों ने प्रतिभाग किया है। 10 किलो मीटर की दौड़ को एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, जोंटी रोड्स और लांस क्लूजनर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में महिला वर्ग में खुशबू और पुरुष वर्ग में अक्षय कुमार ने जीत दर्ज की। वहीं एलएसजी सभी धावकों के लिए लखनऊ में एक पेड़ लगाएगा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगा। यह दौड़ लखनऊ के लोगों को फिट और लखनऊ शहर को हरा-भरा बनाने के लिए आयोजित किया गया। रेस को लेकर सुबह से ही लोग पहुंचने लगे थे। इस दौरान एलएसजी को लोग अपने-अपने ढंग से सपोर्ट करते रहे हैं।

एलएसजी के डिप्टी सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने बताया, पर्यावरण संरक्षण और लोगों में फिटनेस बढ़ाने के लिए मैराथन का आयोजन किया गया है। एलएसजी टीम के कोच जोंटी रोड्स ने कहा, दौड़ को सभी स्पोर्ट्स की मां कहा है। इस मौके पर लोग एलएसजी की टीम को चीयर्स करते रहे। साथ ही सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खींचते रहे। मोहनलालगंज के बकतोरी खेड़ा की रहने वाली खुशबू ने 10 किलोमीटर के महिला वर्ग में रेस जीती है।

क्या उत्तर प्रदेश में भाजपा के विजय रथ को रोक पाएगा इंडिया गठबंधन

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- **समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ किया है तालमेल**
- **सपा उत्तर प्रदेश की 80 में से 62 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि कांग्रेस 17 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पिछले 3 विभिन्न चुनावों में अलग-अलग दलों से गठबंधन कर मैदान में उतरने वाली समाजवादी पार्टी (सपा) एक बार फिर कांग्रेस से गठबंधन कर अपनी चुनावी वैतरणी पार लगाने की उम्मीद कर रही है। समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ तालमेल किया है। इसके तहत सपा उत्तर प्रदेश की 80 में से 62 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि कांग्रेस 17 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। सपा ने भदोही की सीट इंडिया गठबंधन के तहत तृणमूल कांग्रेस को दी है। बता दें कि सपा ने वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के साथ गठबंधन करके लड़ा था।

इसके अलावा उसने साल 2019 का लोकसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और रालोद के साथ और 2022 का विधानसभा चुनाव रालोद, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, अपना दल कमेरावादी तथा कुछ अन्य दलों के साथ गठबंधन करके लड़ा था। सपा ने वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव बसपा और रालोद से गठबंधन करके लड़ा था। इस गठजोड़ ने प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कुछ सीटों पर भाजपा को टक्कर दी थी, लेकिन वह कोई बड़ा प्रभाव डालने में विफल रहा था। बसपा को 10 और सपा को पांच सीटों पर कामयाबी मिली थी जबकि रालोद का खाता नहीं खुल सका था। वहीं, बसपा ने इस बार अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। ऐसे में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के रथ को रोकना सपा और कांग्रेस के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। इस बार मुकाबला और भी ज्यादा दिलचस्प हो सकता है क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में प्रभावशाली माना जाने वाला राष्ट्रीय लोकदल और पूर्वांचल में असरदार कही जाने वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत कई पार्टियां इस बार राजग के हिस्से के रूप में सपा-कांग्रेस गठबंधन के लिए चुनौती पेश करेंगी। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से 73 पर जीत हासिल की थी। हालांकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को नुकसान हुआ था और उसे 62 सीटें मिली थीं जबकि उसके सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) को दो सीटों पर कामयाबी हासिल हुई थी। सपा-बसपा गठबंधन ने 15 और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। उत्तर प्रदेश में 2019 के लोकसभा चुनाव पर क्षेत्रवार नजर डालें तो भाजपा को सबसे ज्यादा 23 सीटें राज्य के पश्चिमी हिस्से से मिली थीं। बसपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा और नगीना (एससी) सीटें जीती थीं जबकि सपा संभल, मुरादाबाद, मैनपुरी और रामपुर में विजयी हुई। राज्य के मध्य क्षेत्र में अमेठी और रायबरेली प्रमुख संसदीय क्षेत्र हैं। दोनों लंबे समय से कांग्रेस के गढ़ माने जाते रहे हैं। साल 2019 में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी रायबरेली सीट बरकरार रखी थी लेकिन उनके बेटे राहुल गांधी अमेठी सीट केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से हार गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से जीते थे। बसपा ने मध्य क्षेत्र से अंबेडकर नगर के रूप में केवल एक सीट जीती थी। भाजपा ने इस क्षेत्र से 13 सीटें जीती थीं।

देश-विदेश डायरी

दक्षिणी अफगानिस्तान में सड़क हादसे में गई 21 लोगों की जान, 38 अन्य घायल

काबुल, एजेंसी। दक्षिणी अफगानिस्तान में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय यातायात विभाग की तरफसे यह जानकारी दी गई। हेलमंद में विभाग की ओर से एक बयान में कहा गया है कि दुर्घटना रविवार सुबह दक्षिणी कंधार और पश्चिमी हेरात प्रांतों के बीच मुख्य राजमार्ग पर हेलमंद प्रांत के गेराश्क जिले में हुई। हेलमंद में एक यातायात अधिकारी कादरतुल्ला ने कहा कि एक मोटरसाइकिल सवार अपने वाहन समेत एक यात्री बस से टकरा गया। इसके बाद बस सड़क के विपरीत दिशा में एक ईंधन टैंकर से टकरा गई। दुर्घटना की जांच चल रही है। हेलमंद पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता एजातुल्ला हक्कानी ने कहा कि 38 घायल लोगों में से 11 को गंभीर चोटों के कारण अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सड़कों की खराब स्थिति और वाहन चालकों की लापरवाही के कारण अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाओं के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं।

दक्षिणी नाइजीरिया में दो समुदायों के बीच झड़प, 16 सैनिकों की मौत

अबुजा, एजेंसी। दक्षिणी नाइजीरिया में दो समुदायों के बीच झड़प के दौरान स्थिति संभालने पहुंचे चार अधिकारियों सहित कम से कम 16 सैनिकों की मौत हो गई। रक्षा अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मुख्यालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल तुकुर गुसाउ ने एक बयान में बताया कि यह हमला बृहस्पतिवार को बोमाडी परिषद क्षेत्र में उस समय हुआ जब शांति बनाए रखने के लिए तैनात सैनिकों को ''समुदाय के कुछ युवाओं ने घेर लिया और मार डाला। गुसाउ ने बताया कि इस हमले में कमांडिंग ऑफिसर, दो मेजर, एक कैप्टन और 12 सैनिकों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और इसकी जांच सेना कर रही है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि यह झड़प ओकुआमा और ओकोलोबा समुदायों के बीच लंबे समय से जारी भूमि विवाद के कारण हुई। इस विवाद के कारण एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया था और सैनिकों ने उसे छुड़ाने के लिए बातचीत करने की असफल कोशिश की थी।

यूक्रेनी ड्रोनों ने रूस के डोमोडेडोवो हवाई अड्डे पर किया अटैक, जान बचाने के लिए भागते दिखे लोग

मास्को, एजेंसी। रूस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान का आज तीसरा दिन जारी है। चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को छह और साल का कार्यकाल मिलना तय माना जा रहा है। उनके सामने कोई गंभीर चुनौती नहीं है। इसी बीच कई यूक्रेनी कामिकेज ड्रोनों ने डोमोडेडोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया है, जिसके बाद वहां आग लग गई और हवाईअड्डा धुंए से भर गया। मॉस्को के केंद्र से 26 मील दूर रूस में दूसरा सबसे बड़ा हवाई अड्डा है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वहीं, इससे पहले रूसी रक्षा मंत्रालय ने रात भर में 35 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराने की सूचना दी, जिनमें मॉस्को क्षेत्र में चार ड्रोन शामिल थे। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि कोई हताहत या क्षति नहीं हुई है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अन्य दो ड्रोन रूसी राजधानी के ठीक दक्षिण में कलुगा क्षेत्र और मॉस्को के उत्तर-पूर्व में यारोस्लाव क्षेत्र में दागे गए। यारोस्लाव क्षेत्र पर हमले, जो यूक्रेनी सीमा से लगभग 800 किलोमीटर (500 मील) दूर स्थित है, यूक्रेन द्वारा अब तक किए गए सबसे दूर के हमलों में से कुछ थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन और दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र की सीमा से लगे बेलगोरोड, कुर्स्क और रोस्तोव क्षेत्रों में अधिक यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए। ये हमले पिछले कुछ दिनों में यूक्रेनी ड्रोन हमलों और अन्य हमलों की एक श्रृंखला के बाद हुए, जिन्हें पुतिन ने यूक्रेन द्वारा निवासियों को डराने और रूस के राष्ट्रपति चुनाव को पटरी से उतारने का प्रयास बताया। वहीं, अगर चुनावों की बात करें तो यह चुनाव स्वतंत्र मीडिया और प्रतिष्ठित अधिकार समूहों के दमन, पुतिन को राजनीतिक व्यवस्था पर पूर्ण नियंत्रण देने और यूक्रेन के खिलाफमॉस्को के युद्ध के दो साल पूरे होने के बाद हुआ है। चुनाव ऐसे समय में हुआ है जब पुतिन के राजनीतिक विरोधी या तो जेल में हैं या विदेश में निर्वासित हैं। पुतिन के धुर विरोधी व सबसे मुखर विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की फरवरी में आर्कटिक जेल में 47 वर्ष की आयु में मौत हो गई थी। पुतिन के सामने तीन प्रतीकात्मक प्रतिद्वंद्वी हैं जिन्होंने उनकी या यूक्रेन पर रूस के हमले की कोई आलोचना नहीं की है।

योगी से मिलीं अपर्णा यादव, लोकसभा चुनाव में टिकट दे सकती है भाजपा

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

लखनऊ। रविवार को भारतीय जनता पार्टी नेता अपर्णा यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। इस दौरान उनके पति प्रतीक यादव भी साथ रहे। इस मुलाकात को लेकर राजधानी में स्थित राजनीतिक पार्टियों के दफ्तरों में लोग अलग अलग कयास लगा रहे हैं। चर्चा चल रही है कि भाजपा अपर्णा यादव को लोकसभा चुनाव में टिकट दे सकती है। बताते चलें कि अपर्णा यादव सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू हैं।

उन्होंने पूर्व में समाजवादी पार्टी छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया था। हालाँकि अपर्णा यादव पहले भी सीएम योगी आदित्यनाथ से कई बार मुलाकात कर चुकी हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद इस मुलाकात के कुछ और ही मायने निकले जा रहे हैं। गौरतलब है कि भाजपा ने अभी तक यूपी में कई सीटों पर प्रत्याशी तय नहीं किये हैं। वहीँ जब से केंद्र सरकार की तरफ से महिला आरक्षण बिल पेश किया गया है भाजपा चुनावों में महिलाओं को भी बराबरी का मौका देने की बात कई बार दोहरा चुकी है। बात अगर अपर्णा यादव की करें तो पूर्व में उनके एनजीओ द्वारा संचालित गौसेवा केंद्र पर सीएम योगी आदित्यनाथ गए भी हैं और अपने हाथों से गायों को चारा भी खिलाया है।

मुसलमानों को ठगने में कांग्रेस नंबर वन पार्टी है

लखनऊ, चसं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कांग्रेस को मुसलमान को ठगने वाली सबसे प्रमुख पार्टी करार दिया है। उन्होंने दावा किया है कि देश पर आधी सदी से भी ज्यादा समय तक शासन करने वाली इस पार्टी की नीतियों के कारण सरकारी नौकरियों में मुसलमानों की भागीदारी एक प्रतिशत भी नहीं है। राजभर ने अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि, मुसलमानों को ठगने में कांग्रेस नंबर वन पार्टी है। उसके बाद प्रदेश में समाजवादी पार्टी और तीसरे नंबर पर बहुजन समाज पार्टी है। राजभर ने कहा, ये लोग वोट के लिए मुसलमानों के बारे में बहुत सारी बातें करते हैं।

फिर बदलेगा मौसम

लखनऊ, चसं। उत्तर प्रदेश में अब तापमान बढ़ रहा है और लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। अब सिर्फ सुबह और शाम के समय ही मौसम ठंडा होता है और फिर तेज धूप निकलने के साथ मौसम में बदलाव हो जाता है। इसी बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर मौसम बदलने की जानकारी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, यूपी के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों आने वाले 19 और 20 मार्च को बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में अब मौसम बदलाव हो रहा है। आज यानी रविवार को भी प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहा। 18 मार्च को भी प्रदेश के पश्चिमी व पूर्वी दोनों भाग में मौसम के साफरहने के आसार हैं।

आवश्यकता

आवश्यकता है ऐसे डी.टी.पी. ऑपरेटर की, जो समाचार पत्र, पत्रिका के पेज बनाने, फोटोशॉप में काम करने तथा कम्प्यूटर में पारंगत हो, वेतन-योग्यतानुसार।

सम्पर्क करें :- 9335322739, 8881992262

उमा इन्फ्राटेक

लखनऊ में कामर्शियल/रेजीडेन्शियल भवन, भूखण्ड, फ्री होल्ड प्लॉट, एग्रीकल्चर जमीन खरीदने एवं बेचने के लिए सम्पर्क करें।

ऑफिस पता-डी-206-सी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

मो.-8604000050, 9415007197